चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 262, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 21 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जिसका शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी करते हैं, प्रधानमंत्री ने रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का उद्घाटन किया

## छोटे सपने देखने की आदत नहीं: मोदी

**गाजियाबाद**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) देश की पहली हाई स्पीड रीजनल ट्रेन का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। जिसका शिलान्यास वह करते हैं, उसका उद्घाटन भी वही करते हैं। नमो भारत ट्रेन देश की नई पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि यह अभी शुरूआत है। डेढ़ साल में मेरठ से दिल्ली तक नमो भारत ट्रेन का उद्घाटन भी वही करेंगे। जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के दो मेट्रो परियोजना कॉरिडोर का रिमोट दबाकर उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन से पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ साहिबाबाद से दुहाई तक सफर भी किया। इस दौरान बच्चों और ट्रेन स्टाफ से अनुभव भी साझा किए। उन्होंने नवरात्र में मां कात्यायनी के आशीर्वाद का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेन को चलाने से लेकर ऑपरेट करने तक नारी शक्ति का योगदान है। उन्होंने कहा कि मेरा तो बचपन रेलवे स्टेशन पर बीता है। जब वे आज आधुनिक ट्रेनों को देखते हैं तो अपार खुशी होती है।

मिलेंगी ये सुविधाएं

पीएम मोदी ने कहा कि दशक के अंत तक नमो भारत ट्रेनें कई राज्यों में संचालित होने लगेंगी। देश में ट्रेनों के हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन देश को समर्पित कर दी गई है। नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता, सुविधा, स्पीड के दर्शन करा रही है। आज का भारत हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डिजीटल लेनदेन दुनिया में सबसे ज्यादा भारत में हो रहा है। चंद्रयान सफलता, जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के बाद दुनिया आज के भारत को देख रही है। आज का भारत एशियाई खेलों में 100 से ज्यादा पदक हासिल कर रहा है। 5जी, मोबाइल, टीवी, लैपटॉप बनाने वाली कंपनियां भारत आ रही हैं। कोरोना की वैक्सीन बनाने में भी भारत ने पहला स्थान हासिल किया। देश का युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। तकनीक की दुनिया में भारत बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। नमो भारत पूर्णरूप से स्वदेशी ट्रेन है।

ट्रेन में हेलीकॉप्टर जैसी सुविधा

पीएम मोदी ने हेलीकॉप्टर की तेज आवाज का जिक्र करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान तेज आवाज से बचने के लिए कान बंद करने




### विश्व में मेट्रो सुविधा देने वाला दूसरे नंबर का देश

**केंद्रीय** शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ रीजनल ट्रांसपोर्ट को बेहतर किया जा रहा है। नमो भारत ट्रेन से भारत के शहरी विकास में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। भारत देश विश्व में मेट्रो सुविधा देने वाला दूसरे नंबर का देश है।

नोएडा, गुड़गांव और फरीदाबाद तक भी जाएगी रैपिडएक्स

रैपिडएक्स ट्रेन सिर्फ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ को ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर के शहरों को रफ्तार देगी। एनसीआरटीसी की प्लानिंग दो चरणों में कुल आठ कॉरिडोर पर रैपिडएक्स ट्रेनें चलाने की है। पहले चरण में दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के अलावा दिल्ली से वाया गुरुग्राम होते हुए अलवर तक और दिल्ली से पानीपत तक दो और कॉरिडोर बनाकर ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की है। दिल्ली से गुरुग्राम कॉरिडोर पर अलाइनमेंट तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर कॉरिडोर पर निर्माण कार्य शुरू होगा

**जल्द** ही दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर कॉरिडोर पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके बाद पहले चरण के दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर पर काम शुरू होगा। इन तीन कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने के बाद दूसरे चरण में पांच कॉरिडोर बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में दिल्ली-फरीदाबाद-पलवल कॉरिडोर, गाजियाबाद-खुर्जा कॉरिडोर, दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक कॉरिडोर, गाजियाबाद-हापुड़ कॉरिडोर, दिल्ली-शाहदरा-बडौत कॉरिडोर का काम शुरू होगा। दोनों चरण पूरे हो जाने से यूपी के पांच जिले गाजियाबाद, मेरठ, खुर्जा, हापुड़ और बागपत रैपिडएक्स कॉरिडोर से जुड़ जाएंगे।

एप, काउंटर और वेंडिंग मशीन से खरीद सकेंगे टिकट

यात्री प्रवेश द्वार से रैपिडएक्स का टिकट मोबाइल एप्लीकेशन, टिकट काउंटर और टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से ले सकेंगे। मोबाइल एप से टिकट बुक करने पर उन्हें एक क्यूआर कोड मिलेगा, जिसे स्टेशन पर लगे स्कैनर में स्कैन करना होगा। इसके बाद प्रवेश के लिए द्वार खुल जाएगा और यात्री प्लेटफार्म पर जाने के लिए अंदर दाखिल हो सकेंगे। प्लेटफार्म की तरफ प्रवेश करने से पहले यात्री और उसके सामान की जांच उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) करेगी।

## '2024 में भाजपा सत्ता में आई तो छिन जाएगा वोट देने का अधिकार'

**शाहजहांपुर**

**सपा प्रमुख** अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। शाहजहांपुर में सपा के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सभी सपा कार्यकर्ता पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। उन्होंने कहा कि अगर 2024 में भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोगों से वोट देने का अधिकार भी छिन जाएगा। शुक्रवार को पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद की कोठी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं और पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबोधित किया।



### गुजरात में मानव तस्करी के विरुद्ध 851 स्थानों पर छापेमारी

**गांधीनगर**

**गुजरात** पुलिस ने स्पा सेंटर और होटलों की आड़ में चल रहे मानव तस्करी को समाप्त करने के लिए राज्यभर में 851 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस अभियान के तहत 152 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इसमें 105 संदिग्धों की गिरफ्तारी भी हुई है। अधिकारियों ने कहा है कि इसके अलावा इन अवैध गतिविधियों से जुड़े 27 स्पा सेंटरों और होटलों के लाइसेंस रद करने की कार्यवाही भी शुरू की गई है।

## 'मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लागानी चाहिए'



**नई दिल्ली**

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके ऐसा होने से ही जुलाई में 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति में गिरावट सुचारू रूप से जारी रही। अपने संबोधन में, गवर्नर दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली बहुमुखी चुनौतियों पर ल्हद्यँ चर्चा की और इन जटिलताओं के बीच नीति निर्माण में आवश्यक जटिल संतुलन पर जोर दिया। ह्यकौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023ह्ल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य स्थिरता तथा वित्तीय स्थिरता एक-दूसरे के पूरक हैं और आरबीआई ने दोनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने का प्रयास किया है। सब्जियों तथा ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण सितंबर में सालाना आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत आ गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में 6.83 प्रतिशत और सितंबर 2022 में 7.41 प्रतिशत थी। जुलाई में मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी में नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इससे पहले, पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर गंभीर चिंता जताई



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में सीवर सफाई के** दौरान होने वाली मौतों पर गंभीर चिंता जताई है। जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सीवर सफाई के दौरान मौत होने पर परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। इसके अलावा सीवर सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह से खत्म हो जाए। कोर्ट ने कहा कि सरकारी एजेंसियों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों। याचिका में मांग की गई थी कि केंद्र और राज्य सरकारें मैला ढोने वालों और सीवर सफाई में काम करने वाले लोगों की वास्तविक संख्या बताए। याचिका में मांग की गई थी कि 1993 से लेकर अब तक ऐसे मामलों में मृत लोगों की संख्या बताई जाए, ताकि ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जा सके। याचिका में सिर पर मैला ढोने और सीवर में काम के लिए रखने वाली एजेंसियों, ठेकेदारों और दूसरे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की भी मांग की गई थी।

**कोर्ट ने कहा, कार्य के दौरान मौत होने पर परिजनों को दिया जाए 30 लाख रुपये मुआवजा, केंद्र और राज्य सरकारों को हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह से खत्म करने की सलाह**

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा- अहंकार के कारण अमेठी हारे

## 'राहुल गांधी अपनी पार्टी के राजनीतिक आका'

**कोच्चि**

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि वह अपनी पार्टी के राजनीतिक आका हैं। वह अपने अहंकार के कारण ही अमेठी में हार गए। यह वह सीट थी जो पिछले चार दशकों से उनके परिवार का गढ़ थी।

राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक आका

महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यह वही विपक्षी गठबंधन है जिससे उन्होंने 2019 में उन्होंने



मुकाबला किया था जब राहुल गांधी को हराया था। ईरानी ने यह जवाब तब दिया जब उनसे पूछा गया कि भाजपा केरल में एक भी सीट जीतने में क्यों अक्षम है और सीट जीतने के लिए क्या वह राहुल गांधी से यहां मुकाबला करेंगी? स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक आका हैं और वह भाजपा की एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। एक राजनीतिक आका होने और एक कार्यकर्ता होने में बहुत बड़ा राजनीतिक अंतर है। मेरे विचार से यह अहंकार ही है जिसने कांग्रेस पार्टी की हार अमेठी लोकसभा सीट से सुनिश्चित की जहां से वह पिछले साढ़े चार सालों से सांसद हैं।

पीएम मोदी को हराने के लिए सभी विपक्षी दल एक साथ आए

उन्होंने कहा कि इस सीट की पांच विधानसभा सीटों में से चार में कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई थी।

## जल आपूर्ति में खलल डालने वाले के खिलाफ करें कार्रवाई: हाईकोर्ट

**प्रयागराज**

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने अल्लापुर के तिलकनगर इलाके में जल आपूर्ति की समस्या के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने डीएम से कहा है कि वह इस मामले में जांच कर जिम्मेदार कर्मचारी को चिह्नित करें और भविष्य में ऐसी समस्या न खड़ी हो, इसको भी सुनिश्चित करें। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट ने तिलक नगर निवासी देवराज व चार अन्य की याचिका को निस्तारण करते हुए दिया है। इसके पहले कोर्ट के आदेश के तहत प्रयागराज के डीएम, पावर कॉरपोरेशन के जीएम और जलकल के अधिकारी कोर्ट में पेश हुए। डीएम ने कोर्ट को बताया कि जल आपूर्ति की समस्या का बुधवार की शाम निस्तारण कर दिया गया। इसके साथ ही डीएम ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की होने वाली समस्या पर ध्यान दिया जाएगा। कोर्ट ने डीएम के जवाब पर संतुष्टी जताई। इसके बाद याचिका का निस्तारण कर दिया।

बता दें कि जनहित याचिका पर कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को डीएम, पावर कॉरपोरेशन के जीएम और जलकल विभाग के अधिकारियों को तलब किया था। याचिका में तिलक नगर में 2021 से मौजूद जल आपूर्ति की समस्या को उठाया गया था। कहा गया था ।

## दिल्ली हाईकोर्ट से आप सांसद संजय सिंह को बड़ा झटका

### गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

**नई दिल्ली**

**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका मिला है। कथित शराब घोटाला मामले में अपनी रिमांड और गिरफ्तारी के खिलाफ सिंह से याचिका दायर की थी। जिसको कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दिया। अभी फिलहाल, उनके ऊपर ट्रायल कोर्ट का आदेश लागू रहेगा। सांसद संजय सिंह ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई रिमांड को भी चुनौती दी थी। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई की। उधर, ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब



समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब नीति को तैयार और लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका उद्देश्य कथित तौर पर कुछ शराब निमार्ताओं, थोक और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाना था। राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उनके आवास पर केंद्रीय एजेंसी की तलाशी के बाद 4 अक्टूबर को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। उनकी रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की।

### पीएम उज्जवला: जिला समिति तय करेगी नए लाभार्थी

## 75 लाख नए कनेक्शन देने के लिए सरकार ने लिया फैसला

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों की जांच अब जिलास्तरीय समिति करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने जिला उज्ज्वला समिति के गठन का निर्देश दिया है। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इस योजना के तहत 75 लाख नए कनेक्शन देने के प्रस्ताव पर पिछले माह केंद्रीय कैबिनेट ने मुहर लगाई थी।

ये होंगे समिति के सदस्य

पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समितियां सुनिश्चित करेंगी कि पात्र परिवारों को ही लाभ




मिले। इसके लिए समिति नियमित बैठक करेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली इस समिति में नोडल अधिकारी समेत तेल कंपनियों से तीन सदस्य होंगे। इसमें एक सदस्य जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से अधिकारी होगा।

तेल कंपनियां करती थीं चयन

इसके अलावा तीन गैर आधिकारिक सदस्य जिलों में पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए बनी राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति द्वारा चयनित किए जाएंगे। स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ केंद्र सरकार नें मई 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत की थी। बता दें कि इससे पहले सरकार की ओर से तय मानकों के अनुसार तेल कंपनियां ही लाभर्थियों का चयन करती थीं।

## निठारी कांड: मोनिंदर पंढेर जेल से हुआ रिहा

**नोएडा**

**निठारी** कांड का आरोपी मोनिंदर पंढेर लुक्सर जेल से रिहा हुआ। निठारी में डी5 नंबर की पंढेर की कोठी के पास पुलिस तैनात किया गया है। इसी साल जून में उसे गाजियाबाद की डासना जेल से लुक्सर लाया गया था। बीमार होने के चलते उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी नरसंहार में सीबीआई कोर्ट से फांसी की सजा पाए सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को दोषमुक्त करार दिया था। कोर्ट ने कहा, पुलिस दोनों के खिलाफ आरोपी साबित करने में विफल



रही। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने जांच पर नाखुशी जताते हुए कहा, जांच बेहद खराब थी सबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एजेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास से धोखाधड़ी है। हाईकोर्ट ने कहा, जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश कर उसे फंसाने का आसान तरीका चुना।

## खबर संक्षेप

### वोटर चेतना महाभियान के अंतर्गत जसरा मंडल की बैठक सम्पन्न

**जसरा।** भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर कम से कम सौ नए वोटर बनाए उक्त बातें जसरा ब्लॉक सभागार में आयोजित वोटर चेतना महाभियान में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला व संचालन मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने किया। मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने कहा की हर बूथ पर बीएलए को साथ लेकर घर घर जाकर संपर्क करना है। कार्यक्रम में आए जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि मंडल के सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष को लेकर जाना है और नए वोटर बनाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, अवध बिहारी मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, नहुष तिवारी, सुरेश मिश्रा, राहुल पाल, सुबोध जायसवाल, कमला द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, बुद्धि प्रकाश, अर्जुन विश्वकर्मा, देवराज सिंह, आदित्य पासवान, अशोक तिवारी, दीप चंद गुप्ता, आशीष प्रधान जसरा, प्रवीण मालवीय, उदित नारायण, बजरंग बहादुर, दिनेश केसरवानी, अश्वनी द्विवेदी, कौशलेंद्र पटेल, सुरेश पाल, प्रेम पटेल, मुकेश कनौजिया, आलोक निषाद, हजारी लाल पटेल, मधुवेंद्र द्विवेदी, अरविंद मिश्रा आदि रहे।

# सीडीओ के नाक के नीचे कमीशन खोरी- कूड़ा वाहन ई रिक्शा जबरन प्रधानों के घर भेज दिए गए

अखंड भारत संदेश




**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू रछहट योजना में चयनित ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम प्रधानों के अधिकार को जिले के अधिकारियों द्वारा प्रधानों के अधिकार का हनन किया जा रहा है, जो कार्य प्रधानों के अधिकार के अधीन होता है अब उस कार्य को जिले के मुख्य विकास अधिकारी के नीचे स्तर के मातहत अधिकारी, अपने फायदे को लेकर प्रधानो की अनुमति के बगैर उनके घर लाखों रुपए के कूड़ा वाहन ई रिक्शा के अलावा कम्प्यूटर , सीसीटीवी कैमरे आदि जबरन प्रधानों को के उपर थोपें जा रहें हैं 1.25 लाख रुपए की लागत वाले ई रिक्शा की कीमत पर 1.60 लाख के बिल बाउचर दिखा कर सरकारी पैसे पर डाका डाल रहे हैं अभी हाल में विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत बेदौ, चंदौली, बीरपुर आदि गांवों में प्रधानों के यहां कूड़ा उठाने वाले वाहन ई रिक्शा जिले से भेज दिया गया है जिसको लेकर प्रधानों ने नाराजगी जताई कि जो कार्य प्रधानों का है उस पर सीडीओ के नीचे स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारी जबरन कार्य अपने फायदे को लेकर रुचि दिखा रहे हैं, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना स्वच्छ भारत मिशन गांवों स्वच्छ बनाने के लिए रछहट के तहत गांवों में कूड़ा घर, नाडेप, कम्पोस्ट पिट खाद गड्ढा कंपोस्टिंग पिट आदि के अलावा कूड़ा वाहन ई रिक्शा साइकिल रिक्शा इस योजना में निहित है,जो कार्य पंचायतो में चल रहा है, उस पर जिले के अधिकारियों द्वारा प्रधानों की अनुमति के बगैर उनके कार्य में दिक्कते पैदा की जा रही है,इस कृत्य कार्य को रोकने के लिए प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संक्षम अधिकारी इस ओर ध्यान केंद्रित कर अंकुश लगाए जाने की अपील की है।

### बीडीओ ने विद्यालय अमृत सरोवर सामुदायिक शौचालय का किया निरीक्षण

**कोरांव।** बीडीओ श्री यादव ने प्राथमिक विद्यालय अल्हवा का निरीक्षण किया और बच्चों से शिक्षा दीक्षा की गुणवत्ता देखी। एक छात्रा को अपने ग्राम का नाम न जानने और एक दो तीन एबीसीडी तक की जानकारी न होने पर अध्यापकों पर उंगली उठाई। और नाराजगी जताई। काया कल्प की उक्त विद्यालय के कमरों की आवश्यकता जताई। बीडीओ ने कुर्मियान बस्ती में पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा निर्मित सामुदाईक शोंचालय का निरीक्षण किया और और ग्राम पंचायत अधिकारी अल्हवा को तुरंत अपने कब्जे में ले कर उसकी मरम्मत करा कर संचालित किए जाने का हुक्म दिया। और ग्राम प्रधान से एक केयर टेकर रखने को भी कहा। उन्होंने अल्हवा तालाब का अमृत सरोवर और स्मृति वाटिका आदि निर्माण कार्यों का भी जायेगा लिया। प्रधान द्वारा चौपाल में ग्राम की समस्याओं को बीडीओ के सामने रखा और मूल भूत समस्याओं और विकास की गति के बारे में जानकारी देते हुए कुछ निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की।

# इफको आफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए अनुराग तिवारी

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** इफको आफीसर्स एसोसिएशन के चुनाव का परिणाम शुक्रवार शाम घोषित किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर अनुराग तिवारी को चुना गया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रतीक वर्मा को रिकार्ड 193 मतों से पराजित किया। अनुराग तिवारी को 286 तथा प्रतीक वर्मा 93 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर डी.के.सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मसरूर अहमद सिद्दीकी को 28 मतों से पराजित किया, डी.के.सिंह को 121 ,मसरूर अहमद सिद्दीकी को 93, संदीप कुमार श्रीवास्तव को 87 तथा नवीन वर्मा को 43 मत मिले,महामंत्री पद पर स्वयं प्रकाश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आशीष कुमार गौतम को 95 मतों से पराजित किया। स्वयं प्रकाश को 196,आशीष कुमार गौतम को 101 ,धर्मेन्द्र कुमार सिंह को 67 तथा डी.सी.सिंह 16 मत मिले। संयुक्त मंत्री पद पर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बबलेश कुमार मिश्र को 41 मतों से हराया। राजेश कुमार श्रीवास्तव को 208 तथा बबलेश कुमार मिश्र को 167 मत मिले। संगठन मंत्री पद पर बी.पी.सिंह (मुन्ना) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एस.एस यादव को 2 मतों से हराया। प्रचार मंत्री पद पर मनीष सिंह 27 मतों से विजयी हुए। स्थापना मंत्री पद पर सी.बी.सिंह 20 मतों से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद पर गौतम कुमार ने 125 वोटों से जीत दर्ज की। कार्यकारी सदस्य ग्रेड ई जे.एस. द्विवेदी ने एस.के.यादव को 70 मतों से हराया। कार्यकारी सदस्य जी 1 पर शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने सत्येन्द्र कुमार मौर्या को 45 मतों से हराया। चुनाव अधिकारी पी.के.पटेल ने चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर अधिकारियों की सराहना की। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने जीते हुए सभी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# शारदीय नवरात्र पर रुद्रा संगम में दिख रहा विभिन्न संस्कृतियों का संगम

### नवरात्र के पांचवें दिन महिलाओं ने गरबा पर बांधा शमां

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** नौ दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र पर भक्तों द्वारा प्रतिदिन मां की पूजा अर्चना व आरती करने से पुरा माहौल भक्तिमय बना रहता है। प्रत्येक गांव व मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त सुबह शाम आरती, भजन, कीर्तन करने के साथ ही विभिन्न भक्ति गीतों पर नृत्य कर आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। नसीरापुर स्थित रुद्रा संगम सोसायटी द्वारा चतुर्थी को जागरण और पंचमी को गरबा का आयोजन किया गया। रुद्रा संगम विभिन्न संस्कृतियों का संगम है। क्योंकि यहां भारत के विभिन्न प्रांतों के रहने वाले लोग निवास करते हैं। सबके सहयोग से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महिलाओं ने डांडिया नृत्य से शमां बांध दिया। बच्चे, बूढ़े, जवान अपनी बारी का इंतजार बस कुछ ही पल कर सके। गरबा में महिलाओं और बच्चों की अभूतपूर्व भागीदारी ने सभी को उत्साहित कर दिया। कार्यकम का संचालन अनिल मिश्र ने किया। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष संतोष सिंह, संजीव सिंह,राजेश दुबे, सचिव संजय पांडेय, डा धीरज सिंह, राजेश प्रजापति, पूर्व सचिव संतोष दिवेदी, डा रवि सिंह, कवि अशोक श्रीवास्तव,संजय श्रीवास्तव,अनिल गुप्ता, आरपी सिंह, आभा डे, राकेश वर्मा, सीएस सिंह, डा मनोज गुप्ता, अंबिका यादव, डीबी सिंह, सतीश सिंह, अजय मौर्या, सहित दर्जनों अंतःवासी परिवार मौजूद रहा।

# क्या होता है गुड टच और बैड टच शंकरगढ़ पुलिस ने समझाया

### मिशन शक्ति फेज-4.0 के तहत सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** मिशन शक्ति फेज-4.0 के तहत चलाए जा रहा जागरुकता अभियान के क्रम में शुक्रवार को शंकरगढ़ पुलिस सेंट जोसफ स्कूल में थी। थाने की एंटी रोमियो व महिला पुलिस कर्मियों ने बच्चों को मिशन शक्ति अभियान से अवगत कराते हुए विभिन्न प्रकार के हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। एसओ ने कहा कि किसी भी वक्त, किसी भी तरह की मदद के लिए पुलिस को या फिर बताए जा रहे हेल्प लाइन नंबरों पर काल किया जा सकता है। सेंट जोसफ स्कूल में एंटी रोमियो व महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा नारी व बालिकाओं की सुरक्षा व मदद के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बालिकाओं के बीच पंफलेट बांटे गए। महिला पुलिस कर्मियों ने गुड टच और बैड टच का व्यावहारिक अर्थ और मतलब भी समझाया और बैड टच से सदैव सचेत रहने की अपील की। इसके अलावा आजकल बहुतायत में हो रहे साइबर फ्राड से बचने की अपील करते हुए महिला संबंधी अधिकारों के संबंध में जागरूक किया। पुलिस हेल्प लाइन नंबर, चाइल्ड केयर नंबर, साइबर हेल्प लाइन नंबर व अन्य आपातकालीन नंबर जैसे 102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098 से अवगत कराते सभी नंबर बालिकाओं की कापी में नोट करवाए गए। इस मौके पर एसओ मनोज कुमार सिंह के साथ थाने के तमाम पुलिस कर्मी, स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## न्यूज झरोखा

### चौपाल में सुनी समस्याएं, योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**मांडा।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की बढ़ती समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए ग्राम पंचायत स्तर गांव की जन समस्याओं को मौके पर सुनकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत नहवाई व महेवा कला ग्राम पंचायत में शुक्रवार को एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय व एडीओ (आईएसबी) जैनेन्द्र कुमार राय ने उक्त ग्राम पंचायतो में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुनी और सामूहिक विवाह, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, शौचालय, पीएम व सीएम आवास, दिव्यांग आवास योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए। नए आवास की मांग पर एडीओ पंचायत मांडा ने बताया कि अभी नए आवास के लिए कोई पोर्टल नहीं खुला है। जैसे पोर्टल खुलता है पात्र लोगों को शौचालय, आवास मुहैया कराया जाएगा। बैठक में सचिव चन्द्र शेखर सिंह, ग्राम प्रधान दीपक सोनकर के अलावा गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से ग्रामीण नाराज



**सहसों।** घटिया सामग्री से निर्माण कराए जा रहे सीसी सड़क का ग्राम प्रधान द्वारा विरोध किया गया है। सहसों विकास खंड के ग्राम सभा मथुरा उर्फ पारनडीह के ग्राम प्रधान दीपेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी, सीडीओ व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग खंड चार द्वारा कुंभ मेला बजट से सम्राट स्कूल शेर अली के घर के सामने से गांव के बीच तक की सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसका निर्माण जेई व ठेकेदार की मिली भगत से मानक के विपरीत व घटिया सामग्री का प्रयोग कर किया जा रहा है। बालू का स्तर काफी खराब है। इसी तरह इस मार्ग का निर्माण किया गया तो कुंभ मेला के पहले ही सड़क की हालत खराब हो जाएगी। जेई राजकुमार से बात करने पर उन्होंने बताया की शिकायत निराधार है। निमार्णाधीन सड़क की जांच कर मानक के अनुसार कार्य कराया जाएगा।

### छठे दिन जसरा में मां कान्यायनी के स्वरूप की पूजा अर्चना



**जसरा।** शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा वैदिक विधि विधान के साथ किया गया। शिवपुरी कालोनी के दुर्गा पांडाल में धमार्चार्य पंडित जय शंकर मिश्र द्वारा पूजन अर्चन किया गया। पंडित जय शंकर मिश्र ने बताया कि सप्तमी और अष्टमी के दिन एक विशेष तरह की आरती होगी । वहीं जसरा व आसपास के मंदिरों व गांवों में भक्तों द्वारा मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी का विधि-विधान के साथ भक्तों ने पूजन अर्चन किया। जसरा के शिवपुरी कालोनी, जसरा नई बाजार, जसरा पुरानी बाजार, जसरा गांव सहित क्षेत्र के तातारगंज, पचखरा, खटंगिया, सेन्धुवार, परसरा,पांडर, रेरा,गड़रा, बुदांवा सहित दर्जनों गांवों में मां भगवती का पांडाल देवी गीतों से गुंजायमान हो उठा। पांडाल में आरती के बाद महिलाएं देवी गीत, भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर धमार्चार्य पंडित जय मिश्र, राजकुमार तिवारी, चन्द्र प्रकाश पांडेय,अभय मिश्रा, रवीन्द्र सिंह, दीपू पाठक, संतोष सिंह, अनिल शुक्ला, रवी शुक्ला, आलोक पाठक, अम्बुज मिश्रा, विनीत दुबे, शनि शुक्ला, सिद्धांत, मनीष, ज्ञानू, गोलू,भोले, अभिषेक अंशुमान सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया




**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के मरखा मई गांव में अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया ।जिसमें महिलाओं ने बढ चढ़ कर भाग लिया। अन्तर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला जागरूकता दिवस के अवसर पर मऊआइमा विकास खंड के ग्रामसभा मरखामई गांव में ग्रामीण फाऊंडेशन इंडिया द्वारा लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य व पोषण,बाल स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति पौष्टिक आहार,मोटा अनाज और पांच पोषक तत्वों से भरपूर बायो फोटीर्फाइड फसल पर चर्चा की गई। जिसमे में ग्रामीण फाऊंडेशन इंडिया के जिला पर्यवेक्षक संदीप सिंह स्वराज, मुकेश यादव ,अमरेंद्र सिंह, शिवानी मिश्रा तथा समूह सखी रेखा देवी एवं समूह की समस्त सदस्य उपस्थित रही।

### टेबलेट्स वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**मांडा।** लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत टैबलेट्स वितरण कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र मांडा में आयोजित किया गया। शुक्रवार को ब्लॉक संसाधान केन्द्र मांडा में टेबलेट्स वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं श्री सिंह ने शिक्षको को संसार एवं संस्कार का गुरु बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी मांडा राजीव प्रताप सिंह द्वारा किया गया। मांडा विकास खंड के समस्त संविलयन विद्यालय, एवं प्राथमिक विद्यालय में दो- दो टेबलेट्स वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरेश प्रताप सिहं अभिनव प्रताप सिंह, राज कुमार सिंह, केशव प्रसाद तिवारी, अरुण कुमार तिवारी, जितेंद्र दुबे सुनील कुमार, निसार अहमद, योगेश मिश्रा,नरेंद्र कुमार गौतम, रामनारायण, अभिषेक, अमरेश, मनोज कुमार,सुजीत केशरी आदि उपस्थित रहे। संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ मांडा राजेश कुमार ने किया।

# ग्राम पंचायत अल्हवा में चौपाल कार्यक्रम में हुई जन सुनवाई

### पंचायत सहायक को निस्कासित की कार्यवाही, उचित दर विक्रेता अलहवा के विरुद्ध घट तौली की ज्यादा सिकायतें मिली, प्रा. विद्यालय का निरीक्षणकर छात्रों की जानी पढ़ाई की हकीकत

अखंड भारत संदेश



**कोराव।** शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाए जा रहे चोपाल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कोरांव के ग्राम पंचायत अल्हवा में स्थित सचिवालय भवन पर चोपाल लगाई गई,जिसमे खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव बतौर प्रभारी अधिकारी ग्राम्य चौपाल और मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों की समस्या सुनीश्री यादव ने उचित दर विक्रेता अलहवा द्वारा खाद्यान्न प्रत्येक कार्ड धारक को कम तौल कर वितरण करने कई बार खद्यान्न के लिए दौड़ाने तथा मानकों के खिलाफ कार्य करने की सर्वाधिक शिकायतें पाई । इसी प्रकार ग्राम सभा की जमीनों पर से भू अतिचारियों का अवैध कब्जा हटाने तथा भूमिहीनों को आवंटन किए जाने की सामूहिक रूप से मांग की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ती और सहायिका द्वारा आंगन वाड़ी भवन की मांग रखी तथा खुद ग्राम प्रधान ने जनहित में प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में अध्यापकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रस्ताव दिया। उन्होंने ग्राम के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन की समीक्षा की। शोंचालय के लिए लोगों को बीडीओ ने प्रेरित भी किया,और आवास लाभार्थियों को अविलंब निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की नसीहत की,और चेतावनी भी दी। छोटे मामलों को इसके पूर्व प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी और ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कुमार सरोज ने सुलझाया। पंचायत सहायक अखिलेश सिंह पटेल को एक माह से अधिक बिना किसी सूचना के ला पता दिखने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में निस्कासन का प्रस्ताव भी पारित हो गया। और खंड विकास अधिकारी ने अनुमोदीत कर दिया। श्रमिकों को मजदूरी संबंधित समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया। चोपाल में ग्राम के नागरिकों,आम जनों के अतिरिक्त ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी,अनस अहमद प्रधान प्रतिनिधि,ग्राम विकास पंचायत अधिकारी सुनील कुमार सरोज,हल्का पुलिस सिपाही दीवान,रोजगार सेवक सूर्यदिन सिंह पटेल,सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे। बीडीओ ने प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास समुचित कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया।

# पक्की सड़कों से जुड़े गांव, खुले विद्यालय : केशरी देवी पटेल

### बीआरसी शंकरगढ़ में 288 शिक्षकों को बांटा गया टैबलेट, टैबलेट की उपयोग से सुधरेगा शैक्षिक स्तर : शिव औतार

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** परिषदीय स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था को सुधारने की नीयत से शुक्रवार को टैबलेट का वितरण किया गया। बीआरसी शंकरगढ़ में बतौर मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने क्षेत्र के 288 शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किया। उन्होंने कहा, केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए तमाम योजनाओं का संचालन कर रही हैं। बेसिक के शिक्षकों को टैबलेट का वितरण भी उन्ही योजनाओं की एक अहम कड़ी है। सांसद ने कहाकि टैबलेट के मिलने से शिक्षकों को कई सारे कार्यों को करने में काफी सहूलियत होगी। रजिस्टर के बोझ से मुक्ति मिलेगी। शैक्षिक सामग्री भी आनलाइन उपलब्ध होगी। इसका सीधा असर बेसिक की शैक्षिक व्यवस्था पर होगा। टैबलेट के मिलने से अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक बच्चों की पहुंच होगी। उन्होंने कहा कि बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें, इसके लिए शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें और देश के भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। महिला शिक्षकों की तारीफ करते हुए सांसद ने कहाकि उन पर घर- परिवार के साथ-साथ स्कूल के बच्चों को भी संभालने की जिम्मेदारी है और शिक्षिकाएं अपनी यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं। शंकरगढ़ मेरा अपना घर है। आज गांव-गांव स्कूल खुल गए हैं। पक्की सड़कें गांवों तक पहुंच गई हैं। सड़क, बिजली, पानी के साथ-साथ सुरक्षा का माहौल दिया जा रहा है। बीईओ शिवऔतार ने कहा कि आज विकास खंड शंकरगढ़ के कुल 146 विद्यालयों के 288 प्रिंसिपल और वरिष्ठ शिक्षकों को टैबलेट दिया गया। इस टैबलेट के इस्तेमाल से न सिर्फ शैक्षिक स्तर में सुधार होगा, बल्कि यह बच्चों के पठन पाठन में भी उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम को प्रमुख निर्मला देवी,पूर्व समन्वयक राम सिंह,जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पटेल, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता, प्रधान पुष्पराज सिंह, गुलाब सिंह, विजय सिंह, नृपेंद्र सिंह, जेबा तबस्सुम, हेमलता सिंह, सुचेता, नीलम सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, विवेकानंद त्रिपाठी, शारदा तिवारी, चंद्रिका पटेल, पारस द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# मांगी नाव न केवट आना, कहइ तुम्हार मरमु मै जाना

### बाबूगंज के रामलीला मंचन में राम केवट के संवाद से नम हुई दर्शकों की आंखें



अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** मांगी नाव न केवट आना, कहइ तुम्हार मरमु मै जाना। चरन कमल रज कहुं सबु कहई, मानुष करनि मूरि कछु अहई..। इसी चौपाई के साथ गुरुवार की रात बाबूगंज में चल रही रामलीला में स्थानीय कलाकारों ने राम-केवट संवाद के साथ दशरथ विलाप का सजीव मंचन किया। वन गमन के समय श्रृग्वेरपुर में निषाद राज ने गंगापार करने से पूर्व प्रभु श्री रामचंद्र जी के चरण धोने के बाद ही उन्हें अपनी नाव में बिठाया।निषादराज ने कहा कि जिस प्रकार आपके रज मात्र से पत्थर की शिला अहिल्या बन गई। इसलिए आपका चरण बिना धोए हम नाव में नहीं बैठाएंगे। उतराई के समय माता सीता द्वारा दी गई अंगूठी देने पर केवट ने कहा कि हे प्रभु आप तो भव सागर पार करने वाले हैं, मैं तो गंगा का माझी हूं, अगर आप गंगा पार करने की उतराई देना ही चाहते हैं तो हमारे पूरे परिवार को भवसागर से पार कर दे। श्री रामलीला कमेटी बाबूगंज द्वारा मंचित रामलीला के छठवें दिन राम केवट के इस संवाद के अभिनय को देखकर उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गई। शिव कुमार गुप्ता, राजेंद्र पटेल द्वारा निर्देशित रामलीला में कलाकारों की प्रस्तुति से जहां दर्शक आधी रात तक बैठे रहे वही व्यास की गद्दी पर बैठे भारत लाल जायसवाल द्वारा कही गई रामचरितमानस की चौपाइयां मानों रामराज्य की याद दिला रही थी। राम, लक्ष्मण, माता सीता द्वारा राम वन गमन के दौरान प्रयागराज में ऋषि भरद्वाज की कुटिया में मिलकर चित्रकूट की ओर प्रस्थान कर पंचवटी में विश्राम के दौरान माया मृग को देखकर सीता द्वारा मोहित होना ही सीता के हरण का कारण बन जाता है ।जिसे रास्ते में रावण से जटायु द्वारा युद्ध कर सीता माता छुड़ाने का मनमोहक प्रस्तुति की गई । इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार मोदनवाल व कोषाध्यक्ष सुरेश केसरवानी ने बताया कि निरंतर 62 वर्षों से बाबूगंज की ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार व व्यवस्थाएं स्थानीय लोगों के सहयोग से ही संचालित की जाती है।

## सिंगरामऊ में सीता स्वयंवर में जैमाल होते ही राम मय हुआ पूरा पंडाल



**सहसों।** क्षेत्र के सिंगरामऊ में गुरुवार की रात सुंदर अभिनय के साथ अनुभवी कलाकारों द्वारा रामलीला में धनुष यज्ञ व राम विवाह की लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में राजा जनक के कष्टों को दूर करते हुए मुनिवर विश्वामित्र के आदेश पर भगवान राम ने शिव धनुष को भंग करते हुए विदेह राज जनक के संताप को दूर किया। वहीं पर अगले ही क्षंण शिव धनुष के भंग होते ही भृगुवंशी विष्णु अवतार परशुराम राजा जनक के दरबार में आ पहुंचे शिव धनुष का भंजन देख परशुराम के क्रोध व भयंकर गर्जना से विभिन्न देश के राजकुमारों सहित रामलीला स्थल पर मौजूद दर्शक दीर्घा में शांत का माहौल हो गया। कुशल पात्रों द्वारा सुंदर अभिनय करते हुए परशुराम लक्ष्मण संवाद को सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई तत्पश्चात भगवान की स्तुति करते हुए भगवान परशुराम वापस महेंद्र पर्वत की ओर चल पड़े। तत्पश्चात जनक नंदिनी सीता जी ने भगवान राम को वरमाला पहनाया जिससे राम भक्त दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाते प्रफुल्लित हो उठे पूरा रामलीला मैदान राम मय हो गया। इस अवसर पर अनुभवी कलाकारों द्वारा सुंदर मंचन देखने के लिए पहुंचे बतौर अतिथि विश्व हिंदू परिषद के नितिन जी एवं युवा भाजपा नेता शाश्वत अशोक तिवारी ने कमेटी को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान कर दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राम की लीला हमें आदर्शों पर चलने और अच्छे से अच्छे जीवन जीने की राह दिखाती है। एक अच्छे संस्कार एवं धर्मशीलता को अपनाते हुए हर मानव को खास कर आज की युवा पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम राम की इस लीला से सीख लेने की आवश्यकता है। आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष शुक्ला, प्रबंधक सूरज मिश्रा, संचालक लालजी द्विवेदी एवं व्यास अरुण द्विवेदी सहित कमेटी के सदस्य एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# चीफ प्रॉक्टर की गिरफ्तारी के लिए विश्वविद्यालय में मानव श्रृंखला

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर ने छात्रनेता को लाठी से मारा, विरोध जारी





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन गेट पर आइसा इकाई अध्यक्ष विवेक कुमार पर हुए बर्बर हमले के खिलाफ छात्रों ने एकजुट होकर मानव श्रृंखला बना कर चीफ प्रॉक्टर राकेश सिंह पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।मानव श्रृंखला बनाकर छात्रों ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय में हो रहे छात्रों के निलंबन, निष्कासन और मुकदमे दायर करने की लोकतांत्रिक तानाशाही कार्यवाहियों पर तत्काल रोक तथा शोध छात्र मनीष कुमार और हरेंद्र यादव समेत निलंबित किए गए सभी छात्रों के निलंबन वापस लेने की की मांग की गई। सैकड़ों की संख्या में छात्र एकजुट होकर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कर विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन गेट पर सभा की।

### छात्रों की आवाज दबा रहा विश्वविद्यालय प्रशासन

सभा में अपनी बात रखते हुए हरेंद्र यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय का चीफ प्रॉक्टर राकेश सिंह जातिवादी और तानाशाही मानसिकता से काम करते है जो जाति देखकर दलित और पिछड़े समाज से आने वाले छात्रों पर निलंबन, निष्कासन और जेल भेजने की कार्यवाही करते हैं।सभा में अपनी बात रखते हुए शिवशंकर सरोज ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं तथा मूलभूत सुविधाएं न प्रदान कर छात्रों को निलंबन और निष्कासन बांटा जा रहा है।गौरव गोंड ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ह्लविश्वविद्यालय को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश में छात्रों की आवाज को दबाया जा रहा है जिस छात्र कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हर्षल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कुलपति महोदय विश्वविद्यालय को अपनी जागीर समझ बैठी हैं जिससे विश्वविद्यालय की गरिमा लगातार गिरती जा रही है।

### विश्व विद्यालय के तानाशाही अफसरों के खिलाफ करेंगे आंदोलन

नागरिक समाज के संयोजक विनोद तिवारी ने छात्रों के इस मानव श्रृंखला को समर्थन देते हुए सभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्वतंत्र चिंतन तथा लोकतांत्रिक मांगों को उठाने के लिए जाना जाता रहा है और वर्तमान विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के ऊपर जिस तरह का बर्बर दमन और हिंसात्मक कार्यवाही कर रहा है उसे नागरिक समाज कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता है। इस तरह की हरकत से विश्वविद्यालय को बाज आना होगा अन्यथा लोग विश्वविद्यालय प्रशासन में बैठे सामंती लोगों के खिलाफ सड़कों पर होंगे।सभा का संचालन शशांक ने किया। आज के विरोध प्रदर्शन में सीमा जी, गोलू, साक्षी, विनोद तिवारी, अविनाश मिश्रा, सतेंद्र, विश्व विजय,अखिल विकल्प, मृदुला,शिवानी, साक्षी सोनू,शिवशंकर सरोज, हरेंद्र यादव,आयुष , सुधीर ,नीलम, राहुल अमन, विवेक,गोलू, गौरव इत्यादि शामिल रहे।



### गिरधरपुर में पाइप लाइन के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया गया

**मांडा।** हर घर जल योजना के तहत विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत गिरधरपुर ग्राम पंचायत में पाइप लाइन के लिए विधि विधान से भूमि पूजा अर्चना किया गया। शुक्रवार को विकास खण्ड मांडा अन्तर्गत गिरधरपुर ग्राम पंचायत में पाइप लाइन के लिए डीपीएम धनंजय व ठीकेदार दीपक कुमार मिश्र ने राजकीय औद्योगिक शिक्षण संस्थान मांडा के समीप बरम बाबा चौरा से पाइप लाइन हेतु पण्डित शोभ नाथ पाण्डेय ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से भूमि पूजन कराया वहीं ठीकेदार श्री मिश्र ने पाइप लाइन का कार्य शुभारंभ किया। मौके पर प्रधान प्रतिनिधी एवं रोजगार सेवक प्रेम कुमार आदि रहे।

## न्यूज झरोखा...

### नहर में उतराता मिला युवक का शव,मचा हड़कंप



**मेजा** ।मेजा थाना क्षेत्र में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुबह के समय एक युवक का शव गुनई गांव के पास जमुआ माइनर नहर में उतराता मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के सिंकी कला निवासी रविन्द्र कुमार राणा उर्फ डाक्टर (35) पुत्र रामदीन गुनई गांव में मजदूरी का काम कर रहा था। बताते हैं कि उसे मिर्गी की बीमारी थी।वह गुरुवार को नहर में अपने साथियों के साथ सफाई का काम कर रहा था,उसी वक्त उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह पानी में गिर गया।साथियों ने सोचा वह घर चला गया।आज सुबह उसका शव उतराता मिला।मेजा पुलिस शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।मृतक की पत्नी रीता देवी और उसके तीनों बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

### साइबर अपराध की रोकथाम के लिए बच्चों को किया जागरूक




**झूंसी।** हवेलिया स्थित न्याय नगर पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति फेज-4 के तहत अपराध की रोकथाम के लिए झूंसी एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा बच्चो को जागरुकता किया। उप निरीक्षक प्रियंका ने स्कूल की छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की रोक थाम कैसे करे इसकी जनकारी दी। उप निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि अगर रास्ते में कोई अनहोनी होती है तो उस से किस प्रकार मुकाबला करेंगे। इसके साथ ही बताया कि किसी घटना के होने से शिकायत करने वाले नंबरों का प्रयोग कैसे किया जा सकता है उसका क्या फायदा होगा। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं नियमों के संबंध में जानकारी दी एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे- राष्ट्रीय पोषण मिशन, कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य बुशरा मुस्तफा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दरोगा अभय कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, निधि सिंह, रिशु यादव आदि मौजूद रही।

### सीता ने लांघी लक्ष्मण रेखा, रावण ने किया हरण



**नैनी।** नैनी श्री अवंतिका रामलीला के आठवें दिन चित्रकूट में भरत मिलाप, जयंत मोह, सीता अनुसुइया संवाद, सूर्पनखा की नककटी एवं सीता हरण की लीला का मंचन हुआ भरत राम को अयोध्या का राज्य सौंपने चित्रकूट जाते हैं राम के ना मानने पर वह राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या लौट आते हैं और राम की खड़ाऊं को राज सिंहासन पर विराज कर स्वयं राम के प्रतिनिधि के रूप में शासन सत्ता संभालने लगते हैं रावण मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर राम के पास भेजता है और स्वयं साधु वेष बनाकर सीता हरण के लिए पहुंच जाता है सीता लक्ष्मण रेखा का उलन्घन करती हैं और रावण उनका हरण कर लेता है प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में लक्ष्मण रेखाएं होती हैं जब भी वह उन्हें लांघता है, संकट में पड़ जाता है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने आगामी बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने एवं आज की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सभी अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से अनुपालन प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई व ओवर स्पीड़िंग रोकने के लिए क्या उपाय किए गए है, की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए जनपद में उपलब्ध इंटरसेप्टर की जानकारी लेते हुए कैमरे व ज्यादा से ज्यादा साइनेज लगवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई का विस्तृत आंकड़ा तुलनात्मक चार्ट के साथ सूचीबद्ध ढंग से हर माह प्रस्तुत करने एवं माह में किए गए चालान व जुमार्ना वसूली का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में ठीक ढंग से जानकारी इकट्ठा करने के साथ ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, जिससे कि

**जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

**ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए कैमरे व ज्यादा से ज्यादा साइनेज लगवाने के दिए निर्देश**

**जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों से परिवहन विभाग को ओवरलोड़ वाहनों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा**

**ओवर स्पीडिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले लोगो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश**

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि विगत 04 माह से जनपद में स्थित टोल प्लाजा द्वारा ओवरलोड़ वाहनों सूची उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, जिसपर जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों से परिवहन विभाग को ओवरलोड़ वाहनों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उन्होंने डिवाइडर पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाये जाने व टूटे हुए डिवाईडरों की मरम्मत कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को विशेष रूप से स्कूल बसों की फिटनेस की जांच कराकर स्कूल बसों हेतु निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन कराये जाने तथा चालक व परिचालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने पूर्व में चिन्हित 07 दुर्घटना बाहुल्य वाले हॉटस्पाट स्थानों व अन्य दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु कृतकार्यवाही से अवगत कराने एवं पुलिस, परिवहन, पीडब्लूडी व अन्य सम्बंधित विभागों की संयुक्त समिति के द्वारा अन्य ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर सुधार सम्बंधी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने साइन बोर्ड, स्पीड गन एवं कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने के निर्देश पीडब्लूडी, एनएच एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। बैठक में टीआई पवन कुमार पाण्डेय-प्रचार प्रभारी द्वारा बताया गया कि कुछ स्थानों पर रोड़ मार्किंग नहीं है, कुछ चैराहों पर स्टॉप लाइन, जेब्रा लाइन स्पष्ट नहीं है, जिससे कि कैमरे के द्वारा चालान की कार्रवाई ठीक तरह से नहीं हो पा रही है एवं सिग्नल की ऊंचाई कम होने तथा सिग्नल के पास पेड़ों कटाई-छटाई नहीं होने से सिग्नल स्पष्ट नहीं दिखायी दे रहे है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को स्टॉप लाइन, जेब्रा लाइन को पेंट कराने, सिग्नल के आगे कोई अवरोध न हो, इसके लिए पेड़ो की कटाई-छटाई कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर मजिस्टेट विनोद सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा आटो यूनियन के अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे, महामंत्री रमाकांत रावत, संगठन मंत्री शिवम रावत, आटो यूनियन के महामंत्री रघुनाथ द्विवेदी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कोना ने ठाना है,संचारी रोग हराना है कार्यक्रम आयोजित




**मेजा।** शुक्रवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 6 जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा संचारी रोग अभियान जागरूकता नारों के उदघोष के साथ सुबह गांव में एक प्रभात फेरी निकाल कर जागरूकता अभियान चलाया गया ' रैली आयोजन के पश्चात बच्चों को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम शंकर पांडेय ने संचारी रोग के लक्षण, इससे बचने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसी क्रम में भाजपा नेता विनय कुमार शुक्ल ने बच्चों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग अभियान 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक के बारे में विस्तार से बताया और उपस्थित बच्चों और अभिभावकों से व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस एम सी अध्यक्ष आशीष कुमार द्विवेदी , पुराछात्र अध्यक्ष राम मूर्ति द्विवेदी , पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रंग लाल निषाद, खन्ने बादशाह, मूर्ति खरबंदा, रंजना कुमारी, शारदा देवी, कुशल कुमार , सत्यम द्विवेदी सहित अभिभावक गण मौजूद रहे।

# अपर पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने अंदावा में बने मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** अपर पुलिस आयुक्त पवन कुमार एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने शुक्रवार को अंदावा के पास बनाये गये मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मूर्ति विसर्जन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन हेतु स्वच्छ जल की व्यवस्था के साथ-साथ प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने प्रकाश के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन हेतु वाहनों के आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि मूर्ति विसर्जन स्थल के आस-पास कहीं पर भी जाम की स्थिति न होने पाये। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सतर्कता एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिये है। कहा है कि कोई भी गहरें पानी में न जाने पाये। लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। विसर्जन स्थल के पास उचित स्थान पर मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को



एम्बुलेंस, चिकित्सकों की टीम तथा आस-पास के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टरों तथा बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, फायर विभाग के अधिकारियों की तैनाती किये जाने के साथ-साथ साफ-सफाई की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। अधिशाषी अभियंता, बाढ़ कार्य खण्ड को मूर्ति के विसर्जन वाले स्थल पर जेटी बनाने के साथ-साथ पुलिस विभाग को तालाब पर नाव व गोताखोरों की व्यवस्था, नगर निगम को तालाब के आस-पास सफाई, चूने आदि का छिड़काव, पुलिस फोर्स की पर्याप्त व्यवस्था, विद्युत विभाग को विसर्जन स्थल पर प्रकाश व जनरेटर की व्यवस्था, मुख्य चिकित्साधिकारी को विसर्जन स्थल पर एम्बुलेंस, चिकित्सकों, दवाईयां व अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था, इस अवसर पर डीसीपी नगर दीपक भूकर, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, एसडीएम फूलपुर सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 12वां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप गेम्स में वालीबॉल विजेता टीम को मिला सम्मान, खुशी

**मेजा।** शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजा खास के बच्चों को प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया।दरअसल गत दिवस 12वां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप गेम्स एण्ड स्पोर्ट 2023 इण्डियन स्पोर्टस फेडरेशन द्वारा आयोजित करायी गयी थी। जिसमें वालीबॉल अंडर 17 बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश और बिहार की टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने मध्य प्रदेश की टीम को पराजित करके ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रदेश की टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजा खास के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने कहा कि प्रदेश स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का प्रतिभाग करना गौरव की बात है और यह परिषदीय विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है।उन्होंने कोच वीरेंद्र गौड़ की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है।वह दिन दूर नहीं जब परिषदीय विद्यालय के गरीब बच्चे प्राइवेट स्कूलों की श्रेणी में शामिल हो जायेंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार खेल के प्रोत्साहन के लिए कई कदम उठा रही है।खिलाडियों में अनस अली, सूर्य प्रताप, रंजीत, फैजान, फैजान सेकेंड एवं श्लोक शर्मा, कोच वीरेन्द्र कुमार एवं अनिकेत जायसवाल, संजय, मुदित, धीरज, लोकेन्द्र आदि शिक्षकों ने प्रांगण में उपस्थित रहे।




### सप्ताह भर से लापता वृद्ध महिला का नहीं लग रहा सुराग

**कोरांव।** सप्ताह भर से लापता वृद्ध महिला का कोई सुराग नहीं लग रहा है। लापता महिला के बेटे मुरारी लाल गुप्ता पुत्र नचऊ गुप्ता के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि मेरी मां महरजिया देवी (57) पत्नी नचऊ गुप्ता निवासी भवानीपुर थाना कोरांव बीते 13 अक्टूबर को घर से दोपहर 12 बजे के आसपास खेत की तरफ निकली थी तब से वह लौटकर नहीं आई। पुलिस ने बेटे मुरारी लाल गुप्ता की तहरीर पर गुमसुदगी दर्ज कर लापता महिला की तलाश में जुटी हुई है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलिसी संख्या 31330 6527 में भूलवश मेरा नाम अंश कुमार पुत्र नरेश कुमार लिख दिया है जो गलत है मेरा सही नाम वैभव पुत्र नरेश कुमार ओसा रोड हजरतगंज मंझनपुर कौशांबी है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत जमालमऊ विकास खंड सिराथू जनपद कौशांबी

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमाल मऊ विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी में मॉडल उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण वित्तीय वर्ष 2023--24 में 8 लाख 77 हजार रुपए की लागत से कराया जा रहा है मॉडल उचित दर की दुकान 4. 8753.65 मीटर और जन सुविधा केंद्र 4. 8753.65 मीटर बरामदा 7.531.50 मीटर के निर्माण में मनरेगा अंशदान 7 लाख 76 हजार रुपए और 15वां वित्त आयोग का 1 लाख 1हजार रुपए अंशदान होगा उक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्म द्वारा 1 अक्टूबर 2023 से 8 अक्टूबर 2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर निविदा में भाग ले सकते हैं 10 अक्टूबर 2023 को 2:00 बजे दिन में सार्वजनिक तरीके से निविदा खोली जाएगी विशेष जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत जमालमऊ से प्राप्त की जा सकती है निविदा स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित है।

श्रीमती राजकुमारी (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत जमाल मऊ विकास खंड सिराथू जनपद कौशांबी

विनय कुमार सिंह (पंचायत सचिव ) ग्राम पंचायत जमाल मऊ विकास खंड सिराथू जनपद कौशांबी


# डिजिटल दुनिया में शामिल होंगे परिषदीय विद्यालय- गंगा प्रसाद

## बीआरसी मेजा मे 73स्कूलों के 146 शिक्षको को मिला टैबलेट




**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शासन की मंशा के अनुसार बीआरसी मेजा में कुल 73 स्कूलों के 146 शिक्षकों में टैबलेट का वितरण किया गया। टैबलेट का वितरण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगाप्रसाद मिश्र द्वारा वितरित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि निपुण भारत मिशन लर्निंग रिसोर्स पैकेज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर रहा है। धरातल पर नही उतरती थी। इसके बाद जब भाजपा की सरकार बनी तो सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलने लगा। टैबलेट वितरण समारोह में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि टैबलेट वितरण से विद्यालयों के कार्यों में सहूलियत होगी। इससे विद्यालय से जुड़े सभी अभिलेख डिजिटल हो जायेंगे तथा सूचनाओं के आदान प्रदान में भी सहूलियत होगी। इसमें विद्यालय का समस्त डाटा और समस्त सूचनाएं एक क्लिक पर मिल जायेंगी तथा सभी अभिलेखों में पारदर्शिता रहेगी। टैबलेट के माध्यम से शैक्षिक वीडियो और शैक्षिक नवाचारों में आसानी होगी। इसके माध्यम से बच्चों की पढ़ाई भी सुविधाजनक होगी।उन्होंने कहा कि आज 73 विद्यालय के 146 शिक्षकों को जिसमें एक प्रधानाध्यापक और एक सहायक शिक्षक को टैबलेट वितरित किया गया।शेष को कल वितरित कर दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। संचालन प्राथमिक विद्यालय संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से एआर पी गिरीश तिवारी, कृष्ण गोपाल यादव, अवनीश मिश्र, अनामिका पांडेय, पुष्पराज, कमलाकांत पांडेय, कन्हैयालाल पांडेय सहित सभी विद्यालय के प्रमुख मौजूद रहे।

## डिजिटल साक्षरता निपुण बनाने को लेकर 267 शिक्षकों को मिला टैबलेट



**करछना।** प्रधानमंत्री के डिजिटल साक्षरता और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन को सफल बनाने, विद्यालय संचालन की प्रक्रिया के पारदर्शी बनाने ,सीखने सिखाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन बी आर सी करछना में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ । स्वागत उच्च प्राथमिक विद्यालय खेक्सा के बच्चों के द्वारा और सरस्वती वंदना और स्वागतगीत उच्च प्राथमिक विद्यालय बसही के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया। बीईओ करछना अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन करते हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि अतिथि सब का स्वागत किया। एआरपी विष्णुकांत गुप्त ने निपुण भारत मिशन का परिचय कराया। शिक्षक संघ के महामंत्री रावेंद्र नाथ मिश्र द्वारा विद्यालयों में सड़क, बिजली कायाकल्प की समस्या से अवगत कराया। सभा को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने कहा सरकार हर गरीब के द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध करवाना चाहती है। मुख्य अतिथि विधायक जी ने कहा हम अविलंब अपने विधानसभा के समस्त विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाने में पूरा सहयोग करेंगे शिक्षकों की समस्याओं को त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया और विधायक जी ने अपने करकमलों से 11 न्यायपंचायत के 22 प्रधानाध्यापकों को टेबलेट वितरित किया। कुल 267शिक्षकों को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद प्रजापति नन्हे पांडे प्रमोद कुमार तिवारी पंकज द्विवेदी अलख नारायण शुक्ला सुरेश कुमार पांडे और शिक्षक शिव बहादुर सिंह , रावेंद्र नाथ मिश्रा,बृजेश यादव पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला,राजीव सिंह, मनोज कुमार मिश्रा ,रणधीर शर्मा , त्रिवेणी शंकर श्रीवास्तव, रूशदा नाहीद, प्रमिला शर्मा, कुसुम सिंह, सुनीता ,विनती गुप्ता ,इंद्रभूषण तिवारी अभिषेक तिवारी, शरद कुमार शुक्ला ,अनुराग कटियार अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिकरो वि. ख. कोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 20-10-2023

ग्राम पंचायत सिकरो विकास खण्ड कोरांव प्रयागराज के स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्ध योजना के अंतर्गत पूर्ण सामग्री (श्रम एवं सामग्री) ई रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर एवं अन्य निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा ईंट, मोरंग, बालू सरिया, सीमेंट, ईंट की गिट्टी आदि का कार्य एस0बी0एम0/15 वाँ वित्त / केन्द्रीय वित्त व मनरेगा आयोग से कार्य कराने हेतु दिनांक 21.10.2023 से दिनांक 29.10.2023 तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 30.10.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10रू के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने को अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट:- सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार घट बढ़ सकती है। इस तरह कार्यो की संख्या भी घट बढ़ सकती है।

| क्र0 सं0 | गतिविधि विवरण | वित्तीय स्रोत | मात्रा | प्रति इकाई लागत | लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट | SBM (G) | 6 | 2225 | 13350 |
| 2. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | SBM (G) | 3 | 24900 | 74700 |
| 3. | कचरा वाहन ई-रिक्शा /साइकिल रिक्शा | SBM (G) | 2 | 160000 | 320000 |
| 4. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध केन्द्र(ISSWMC) | SBM (G) | 1 | 1233000 | 1233000 |
| 5. | फिल्टर चैम्बर | SBM (G) | 4 | 28000 | 112000 |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थागत सोक पिट | SBM (G) | 18 | 22650 | 407700 |
| 7. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | SBM (G) | 2 | 57800 | 115600 |
| 8. | हैण्डपम्प पर सोक पिट | SBM (G) | 17 | 14950 | 254150 |

सुशील कुमार कुशवाहा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिकरो वि0 ख0 कोरांव प्रयागराज

संजय यादव ग्रा. पं. सचिव ग्राम पंचायत सिकरो वि0 ख0 कोरांव प्रयागराज

# रामलीला समिति द्वारा आयोजित प्रभु श्री रामजी का विवाह हुआ संपन्न

## सिया हुई रघुवर की राम भक्तों व अतिथिगण ने उतारी आरती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा निकाली गई राम बारात रात्रि 9:00 बजे चिलबिला महुली भ्रमण के पश्चात चैक घंटाघर पहुंची। जहां पर पहले से ही हजारों की संख्या में राम भक्त प्रभु श्री राम माता सीता का विवाह देखने के लिए पलके बिछाए इंतजार कर रहे थे। ठठेरी बाजार से प्रभु श्री राम जी को रामलीला समिति के पदाधिकारी कंधों पर लेकर प्रभु राम को चैक घंटा घर पहुंचे। वहीं माता सीता मकन्दूगंज से सखियों संग चैक घंटाघर विवाह स्थल पर पहुंची।

राजा जनक बनी स्वर्ण व्यवसाय रवि केसरवानी ने वर पक्ष के रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, संरक्षक श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं मंत्री विपिन गुप्ता को विभिन्न उपहार देकर द्वार पूजा की रस्म अदायगी की। इसके पश्चात माता सीता ने प्रभु श्री राम जी का 40 फीट हाइड्रोलिक मंच से जय माल डालकर विवाह संपन्न हुआ। प्रभु के जयमाल पहनाते ही हजारों की संख्या में राम भक्तों ने पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण सांसद संगम लाल गुप्ता, जिला प्रभारी भाजपा नागेंद्र रघुवंशी, जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, आशीष मौर्य, राजेंद्र केसरवानी, ए0के0 सिंह विधि इंटरप्राइजेज, अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र,सी0ओ0 सिटी करिश्मा गुप्ता, समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, रवि अग्रवाल, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, बारात प्रभारी राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, छेदीलाल, देवानंद, पंकज शुक्ला, शिवम, नंदू, परमानंद मिश्रा आदि समिति के पदाधिकारी ने आरती उतारी। संचालन संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने किया।आभार ज्ञापन संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने किया। महिला टीम की अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, बीना केसरवानी,विनीता केसरवानी, अर्चना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल, रोशनी सिंह, लक्ष्मी सिंह, स्मिता खंडेलवाल, प्रीति केसरवानी, इंदिरा अग्रवाल, सुमन लता, लक्ष्मी, समिता, ज्योति, सुनीता, वंदना आदि महिला टीम रही।

बारात में मुख्य रूप से मंजीत सिंह छाबडा,लखन लाल बाबा,राजेनद्र केशरवानी,सुरेश अग्रवाल,संजय खंडेलवाल,विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, आशीष जायसवाल, प्रदीप केसरवानी, छेदीलाल,देवानन्द, जितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चैरसिया, विपिन शर्मा, मनीष सिंह, अनिल केसरवानी, विनय सिंह, संजय जैन, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, परमानंद मिश्रा, शीतला सोनी, राकेश सादवानी, अमन गुप्ता, सूरज कुमार, विकास उमरवैश्य, आकाश उमरवैश्य, शुभम जायसवाल, अजय जायसवाल, हरिंदर सिंह, सुमित गुप्ता, मनीष रावत, दीपेंद्र कुमार, विनय केसरवानी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश खंडेलवाल, ओम कृष्णा पांडे, अभिषेक कश्यप, राज गुप्ता, अतिरेक कश्यप, यशु शर्मा,विष्णु सोनी,अजय कसौधन,अमित रावत,सचिन सोनी, सोना सिंह, प्रिंस सोनी, अभिषेक गौतम, विवेक कुमार, वेंकटेश, शिवम गुप्ता, केशव गुप्ता आदि हजारो की संख्या में भक्तगण बारात में शामिल रहे।



प्रभु राम की आरती उतारते सांसद व आयोजकगण।

# महानाट्य जाणता राजा के मंचन को देखने बेल्हा से जाएंगे आठ हजार लोग, बैठक कर बनाई गई रणनीति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती द्वारा 21 से 26 नवंबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी के एम्फीथिएटर मैदान में छत्रपति शिवाजी के जीवन पर हिंदू स्वाभिमान और गौरव को जागृत करने वाले विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा के होने जा रहे मंचन की तैयारियों/दर्शक संख्या टिकट, यात्रा आदि की व्यापक योजना के लिए प्रतापगढ़ जनपद के जाणता राजा महानाट्य आयोजन समिति के कार्यकताओं की एक बैठक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रान्त प्रचारक रमेश ने संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में जाणता राजा को केंद्र में रखते हुए कार्यकताओं से अपेक्षा करते हुए कहा कि प्रतापगढ के निवासी बंधुवर/भगिनी 24 नवंबर को काशी की पावन धरा पर इस महानाट्य का मंचन देखने के लिए अपने परिजनों सहित चलें और इसके लिए प्रतापगढ़ जनपद की जाणता राजा महानाट्य आयोजन समिति के कार्यकताओं के माध्यम से अपना टिकट प्राप्त करके अपना स्थान सुरक्षित करें। हम इस आयोजन को जन जन तक पहुंचाएं और निरंतर प्रयास करते रहें कि इस आयोजन में हमारे प्रयास से 8000 लोग प्रतापगढ जनपद से इस आयोजन को थियेटर में बैठकर देखें। साथ ही प्रान्त प्रचारक रमेश ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम जन्मभूमि मन्दिर कारसेवक पुरम में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के निमित्त जन जन घर घर अक्षत लेकर आमंत्रण देने हेतू निकलने के लिए 1 जनवरी से 15 जनवरी की तिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में तय की गईं है। आज की बैठक में जाणता राजा महानाट्य के लिए जारी किए गए टिकट का अनावरण/लोकार्पण किया गया। बैठक का संचालन आयोजन समिति के सचिव डॉ सौरभ पाण्डेय ने किया। इस बैठक में विभाग प्रचारक प्रवेश, नागेंद्र रघुवंशी, सांसद संगम लाल गुप्त, राम शिरोमणि शुक्ल, नगर पालिकाध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, शिव शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाण्डेय गुड्डू, राजेश सिंह, गिरिजा शंकर मिश्र, राजेश मिश्र, अमित शुक्ल, पंकज मिश्र, विजय मिश्र, जय भगवन पाण्डेय, ऋषि उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



महानाट्य जाणता राजा मंचन के टिकट के साथ सांसद व नेतागण।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** टैक्टर की चपेट में आकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को देर रात पीएम के लिए भेजा है। जेठवारा थाना क्षेत्र के दुर्गा सिंह का पुरवा टिकरा निवासी सालिकराम का बत्तीस वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र पाल गुरूवार को लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार में अज्ञात टैज्क्टर की चपेट में आने से घायल हो गया था। जानकारी पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया था। बाद में इलाज के दौरान अस्पताल मे उसकी सांसे थम गयी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव के पीएम के लिए पंचनामा तैयार कर भेज दिया। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल कलराज मिश्र पहुंचे संवेदना जताने मोती सिंह के घर

## भतीजे बाले सिंह के निधन पर जताया गहरा शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र आज दोपहर में पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके भतीजे प्रदीप कुमार सिंह उर्फ बाले के निधन पर गहरा शोक जताया।

राज्यपाल कलराज मिश्र दोपहर में 12.45 बजे मोती सिंह के घर पहुंचे और आधा घंटा रुककर पूरी घटना का विवरण जाना।इस दौरान गहरी संवेदना जताते हुए उन्होंने कहा कि बाले सिंह के निधन से परिवार ही नहीं, समाज की भी क्षति हुई है। उन्होंने पूरे परिवार को संवेदना जताई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता केके सिंह, रवि सिंह के अलावा अडिशनल एसपी विद्या सागर मिश्र तथा पट्टी क्षेत्र के अनेक नेता मौजूद रहे। बता दें कि मोती सिंह के बड़े भाई के पुत्र एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रदीप सिंह उर्फ बाले सिंह का विगत दिनों निधन हो गया था। उनके निधन पर मोती सिंह के यहां आने-जाने वालों का तांता लगा रहा।

आज अपने पुराने सम्बन्धों के आधार पर राज्यपाल कलराज मिश्र पूर्व मंत्री मोती सिंह के घर पहुंचे। इस दौरान बहुत सी पुरानी यादों को भी एक दूसरे से दोहराया गया।



बाले सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि जताने जाते राज्यपाल कलराज मिश्र।

# युवती से छेडछाड के विरोध में भाई की लाठी डण्डों से पिटाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छेडछाड का विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता के भाई की जमकर पिटाई कर दी। मां की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ छेडछाड व घर मे घुसकर मारपीट व जानलेवा धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज के घुइसरनाथ रोड निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती सत्रह अक्टूबर को शीतलमऊ-जलेशरगंज निवासी सलमान कुरैशी ने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी पुत्री के साथ छेडछाड की। आरोप है कि छेडछाड का विरोध करने पर पीड़िता के भाई की घर में घुसकर पिटाई की गयी। आरोप है कि सलमान कुरैशी के साथ घर पहुंचे दाऊद उर्फ अरबाज पुत्र बरसाती निवासी महिमापुर, गुलफाम पुत्र मम्मू निवासी खानापटटी तकिया व ललित वर्मा पुत्र रामजस निवासी गौसपुर ने चार अज्ञात हमलावरों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सलमान समेत चार नामजद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ छेडछाड व घर में घुसकर मारपीट तथा जानलेवा धमकी तथा गालीगलौज का केस दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# रागी मोटे अनाजों में कैल्शियम की मात्रा अन्य अनाजो से चार गुना

## कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में तीन दिवसीय रागी प्रशिक्षण में महिलाओं ने लिया भाग



महिलाओ को प्रशिक्षण दिलाती स्वाति दीपक दुबे।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू अवधेश पुरम मे आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण मे अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र प्रतापगढ़ की विषय वस्तु विशेषज्ञ गृह विज्ञान स्वाति दीपक दुबे द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण रागी के मूल्य संवर्धी उत्पादन पर जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान चयनित ग्राम के लाभार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने रागी के पापड, रागी चिप्स, रागी नमकीन, रागी लड्डू, रागी नूडल्स इत्यादि बनाने का तरीका सिखाया और इसकी पैकिंग करने के लिए जानकारी दी गई। आगे बताया कि खाने वाले पदार्थ में एफएसएफएआई लाइसेन्स लेना अत्यंत आवश्यक होता है और उत्पादों की पैकिंग और मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी दी गई।

रागी उन मोटे अनाजों में एक है जिसमें कैल्शियम की मात्रा अन्य अनाजों की तुलना में चार गुना होती है। इसको हमें अपने परिवार व बच्चों के दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए। रागी में प्रति 100 ग्राम पोषक तत्वों की मात्रा प्रोटीन 7.30 ग्राम, कैल्शियम 3.4 ग्राम, आयरन 4 मिग्रा. बीटा कैरोटीन 4 माइक्रोग्राम और फास्फोरस 2.83 ग्राम होती है जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभ दायक सिद्ध होता है। सभी प्रशिक्षार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ प्रशिक्षण मे भाग लिया और आस पास के बाजारों मे जाने के लिए पूरी तरीके से सजग हैं।

# भाजपा सरकार द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन सराहनीय: अजीत

## वीयन आईटीआई पहाड़पुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य माटी कला बोर्ड के सदस्य अजीत प्रजापति ने वीयन आईटीआई पहाड़पुर परिसर में आयोजित एक दिवसीय माटी कला जागरूकता शिविर मेरी माटी मेरा देश के समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु मोदी योगी सतत प्रयत्नशील हैं।

उन्होंने कहा कि समाज का कोई ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं है जिस पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की निगाह ना पहुंची हो, उसी के तहत अंतिम पायदान पर खड़े प्रजापति समाज को उत्तरोत्तर वृद्धि कराकर आर्थिक क्षेत्र में उनके हो रहे ह्रास को देखते हुए देश में पहली बार भाजपा सरकार ने माटी कला बोर्ड का गठन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया, जिसके माध्यम से आज उत्तरोत्तर प्रजापति समाज आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं वैचारिक क्षेत्र में क्रांतिकारी तरीके से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए राज्य विधि अधिकारी नीरज द्विवेदी ने कहा कि आज मेरी माटी मेरा देश का नारा बुलंदकर मोदी जी ने चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है का नारा सार्थक कर दिया है। समारोह में बोलते हुए खादी ग्रामोद्योग अधिकारी रामकरन द्विवेदी ने कहा कि परंपरागत कारीगरों के अतिरिक्त भी कोई व्यक्ति यदि माटी कला के क्षेत्र में कार्य करना चाहता है तो वह कर सकता है। समारोह में मुख्य लेखाधिकारी राकेश मोहन गुप्ता, इं भूपेश त्रिपाठी, उमानाथ त्रिपाठी, सोहन प्रजापति, विवेक उपाध्याय, राम अजीत पटेल, वंशिलाल प्रजापति, सुनील मिश्र फुलगेन्द्र, संजय पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, रामचन्द्र प्रजापति, अमर त्रिपाठी, राम गोपाल प्रजापति, शिवम त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रहेंद्र शुक्ल द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में बोलते राज्य माटी कला बोर्ड के सदस्य अजीत प्रजापति।

# कानूनी सहायता प्राप्त करना सभी का मौलिक हक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में पट्टी तहसील सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के संदर्भ में कई बातें बताई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्व प्रावधान में यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रतापगढ़ अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें पट्टी ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश, पट्टी तहसीलदार सहित अन्य अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे। लोगों को संबोधित करते हुए पीएलवी राम प्रकाश पांडे ने कहा कि सरकार द्वारा जहां लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है वहीं कई जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिला प्रोविजन अधिकारी रंग बहादुर ने सरकार के तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या ना आने की बात कही वही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के सचिव अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि विधिक सहायता हासिल करना मौलिक हक है, विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है जिसमें सिविल मामलों के साथ-साथ उन आपराधिक मामलों का भी आपसी सुलह समझौता से निस्तारण किया जाता है जो अपराध शमनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। प्रतापगढ़ जिला श्रमिक अधिकारी ने श्रमिकों के पंजीकरण तथा उसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता राधा रमन मिश्रा, बिंदु पाठक, रंजन त्रिपाठी अमित चैरसिया मानस त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चौपाल में हुई शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा

## कंपोजिट स्कूल सरायजानमती में शिक्षा चौल का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम सरायजानमती स्थित कंपोजिट स्कूल में शुक्रवार को शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा चैपाल के जरिए शिक्षा के महत्व के साथ सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रदान की जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित चैपाल का शुभारंभ वरिष्ठ एआरपी जय प्रकाश पांडेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात हुआ। शिक्षा चैपाल में बतौर मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्थानीय ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने में शिक्षकों को अभिभावकों के साथ बेहतर तालमेल की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावको को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने का संकल्प भी दिलाया। शिक्षा चैपाल का संचालन करते हुए एआरपी अवनीश मिश्र ने अभिभावकों को निपुण भारत अभियान के तहत विद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विविध आयामों के बारे में अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से छात्रों के लिए लागू डीबीटी योजना और अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ घर में समय देने व रोजाना उनसे गृह कार्य का अभ्यास कराने की बात कही। शिक्षा चैपाल में विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री विष्णु सिंह ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा को ले कर जागरूक होना चाहिए जिससे कि शैक्षिक वातावरण और बेहतर बन सके। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्रधानाध्यापिका आशा रानी ने किया। इसके पूर्व विद्यालय की छात्रा सुनीता वर्मा एवं अर्चिता पटेल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही देवी गीत, साक्षरता के महत्व पर आधारित नाटक आदि विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अवधेश शर्मा, संजीव द्विवेदी, अजीत पांडेय, रमेश वर्मा, प्रदीप सिंह, संजय कुमारी आदि मौजूद रहे।



कंपोजिट स्कूल में आयोजित चौपाल में बोलते अतिथि।

## शराब के नशे में साले व बहनोई के बीच मारपीट, उपचार के दौरान साले की मौत, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नशे में धुत होकर साले व बहनोई के बीच हुई मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय साले की मौत हो गयी। हादसे में घायल बहनोई की भी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर बहनोई समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के नरवल गांव में राजू बेरिया उर्फ हेगड़ा 42 गुरूवार की शाम बहनोई नकछेद पुत्र विन्दा के घर गया था। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर साले व बहनोई के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडा व धारदार हथियार से मारपीट शुरू हो गयी। आरोप है कि नकछेद ने अपनी पत्नी बिल्लू व पुत्री लोधे के साथ मिलकर राजू को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया।

# विद्यालयों की जमीन पर अवैध कब्जे के कारण नहीं बन पा रही चारदीवारी

## प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कब्जेदार कर रहे फर्जी व मनगढ़ंत शिकायत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की जमीन पर अवैध कब्जे के कारण चारदीवारियां बनाने के लिए आए पैसे का उपयोग नहीं हो पा रहा है। प्रधानाध्यापक चारदीवारियां नहीं बनवा पा रहे हैं बल्कि दबंगों के कोपभाजन का शिकार हो रहे हैं। जनपद में 189 विद्यालयों की चारदीवारी बनने का पैसा स्वीकृत है। अभी विभाग द्वारा 120 मीटर चारदीवारी का पैसा विद्यालयों को भेजा गया है। आवश्यकता पड़ने पर और अधिक पैसों की मांग करने के लिए भी प्रधानाध्यापकों को कहा गया है। अधिकांश विद्यालयों में चारदीवारी बननी शुरू भी हो गई है लेकिन डेढ़ दर्जन से भी अधिक विद्यालयों में दबंगों ने विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है जिससे इन विद्यालयों में चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

प्रधानाध्यापक आए दिन अपने विभागीय अधिकारियों से अथवा जमीन खाली कराने के लिए तहसीलों का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकांश विद्यालयों में लेखपालों ने जमीन की पैमाइश तो की लेकिन दबंग कब्जा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है बल्कि उल्टे वे प्रधानाध्यापकों पर दबाव बनाने के लिए उनकी शिकायतें कर रहे हैं। सदर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर, संविलियन विद्यालय पूरे माधव सिंह, प्राथमिक विद्यालय नरिया, प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, प्राथमिक विद्यालय केशवराय सहित जनपद के डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यालयों में अतिक्रमण के चलते चारदीवारी निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में प्रधानाध्यापिका ने गत वर्ष दो बार उपजिला अधिकारी से मिलकर टीम गठित कराकर विद्यालय के जमीन की पैमाइश कराई। कब्जेदार पैमाइश के समय कब्जा छोड़ने की बात कहते हैं और टीम के जाने के बाद फिर जोताई-बुवाई कर कब्जा नहीं हटा रहे हैं। विभाग द्वारा चार दीवारी बनवाने के लिए अभी हाल ही में पैसा स्वीकृत हुआ है।

# मण्डलायुक्त ने सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

## सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश हेल्थ एटीएम को क्रियाशील कराने के निर्देश



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आलमचन्द एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मूरतगंज का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये मण्डलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आलमचन्द के निरीक्षण के दौरान आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित लाभार्थियों का इलाज, स्टाफ की संख्या एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी सुनील सिंह से कहा कि सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने टेली-मेडिसीन कक्ष के निरीक्षण के दौरान हेल्थ एटीएम को क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैनर एवं पोस्टर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेंगू वार्ड के निरीक्षण के दौरान खिडकी में जाली लगा न पाये जाने पर जाली लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, इक्सपायरी रजिस्टर एवं स्टाक रजिस्टर की जॉच करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कन्या सुमंगला योजना से पात्र लोगों को लाभान्वित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मूरतगंज के निरीक्षण के दौरान मरीजों से वार्ता कर उपलब्ध हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मण्डलायुक्त ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

### अल्ट्रासाउण्ड के लिए एक महीने बाद का समय देने पर दोषी इन्टर्नशिप कर्मी को तत्काल प्रभाव से हटाने के दिए निर्देश



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त द्वारा जिला अस्पताल के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मरीज/मरीज के परिजनो से वार्ता करने पर बताया गया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चां की माताओं से वार्ता करते हुए कहा कि बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए पौष्टिक आहार दिया जाय तथा नियमित रूप से बच्चों का टीकाकरण कराया जाय। मण्डलायुक्त द्वारा डिजिटल एक्सरे रूम एवं सिटी स्कैन रूम के निरीक्षण के दौरान एक मरीज ने पर्चा देते हुए बताया कि उसे अल्ट्रासाउण्ड कराने के लिए एक महीने बाद का समय दिया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए दोषी इन्टर्नशिप कर्मी श्री अरविन्द कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाने तथा सम्बन्धित कालेज को पत्र भेजकर श्री अरविन्द कुमार के विरूद्ध कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डायलिसिस एवं एस0एन0सी0यू0 वार्ड के निरीक्षण के दौरान सी0एम0एस0 को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन खिडकियों में जाली नहीं लगा है उन सभी खिडकियों में जाली लगवाया जाय ।इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की मण्डलायुक्त ने की विस्तृत समीक्षा



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं कार्या की विस्तृत समीक्षा की गई मण्डलायुक्त ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत शेष रह गये लाभार्थियों का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आशा कार्यकत्रियों के रिक्त पदों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए रिक्तियों को शीघ्र भरने के निर्देश दिये। उन्होंने मातृ मृत्यु सूचना एवं आडिट की समीक्षा के दौरान मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण आडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण में अपेक्षित प्रगति लाने तथा कार्ययोजना बनाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियां को प्रत्येक सप्ताह आशा एवं ए0एन0एम0 के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को संचारी रोगों के नियंत्रण/रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार बजट के सापेक्ष व्यय की समीक्षा के दौरान अपेक्षित व्यय न पाये जाने पर सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमानुसार व्यय में प्रगति लाने के निर्देश दिए इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवरात्रि के पाचवे दिन कराया गया कन्या भोज



**कड़ा कौशाम्बी।** शारदीय नवरात्र के पाचवे दिन माँ नव दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम वार्ड नंबर 1 तिलक नगर में कन्या पूजन कराया गया कन्या को हलवा पूड़ी खिलाया गया व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करके मां दुर्गा की पूजा अर्चना की ऐसे भक्तों का कहना है कि नवरात्रि के पांचवें दिन स्कंद स्वरूप को केले का भोग लगाना चाहिए और यहां प्रसाद चढ़ाने के बाद ब्राह्मणों को दे देना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य की बुद्धि का विकास होता है और आरती के बाद पांच कन्या को केले के प्रसाद बांटना चाहिए मान्यता है कि इससे देवी माता प्रसन्न होती हैं वही दारानगर कडा धाम में सैकड़ो के तादाद में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया !जिसमे शिव शंकर केसरवानी आर्य शुक्ला ,संदीप अग्रहरि, शुभम पांडेय, अनुराग पांडेय, चन्दमा प्रकार पांडेय,लवकुश अग्रहरी, प्रखर कुशवाहा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवी मां के पंडाल में महिला पुरुष भक्तों की उमड़ रही भीड़



**कौशाम्बी।** श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति मंझनपुर द्वारा कस्बे के नेहरू नगर में स्थापित देवी पंडाल में प्रतिदिन मां के दर्शन पूजन आरती में महिला पुरुष बच्चों की भारी भीड़ उमड़ रही है देर रात्रि तक मां के पूजा अर्चन में भक्त शामिल रहते हैं मां के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है नवरात्रि के पावन पर्व पर छठवें दिन मां जगत जननी का भाव रूप पंडाल पर दिखाया गया और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा झांकियां निकाली गई आचार्य दिवाकर मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना किया गया अध्यक्ष अमरेश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पडा राजन केसरवानी अशोक केसरवानी पिंटू लाल केशरवानी सहित तमाम महिला पुरुष भक्त मां की पूजा अर्जन आरती में प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं पूरा कस्बा मां के जयकारे से गूंज रहा है।

## मां के जयकारे से गूंज सोनवारा गांव

**कौशाम्बी।** आदिशक्ति नवदुर्गा की पूजा में सोनवारा गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पूरा गांव मां के जयकारे से गूंज रहा है हर रोज मां की आरती के बाद नया प्रोग्राम होता है जिसमे काफी संख्या में लोग एकत्रित होते है आरती से लेकर संगीत में महिलाओ बच्चे बुजुर्ग मां के पूजा अर्चन में लीन है संजोजक वा पुजारी निगम त्रिपाठी श्याम लाल पाल,मेवा लाल पाल,राम बहादुर ,दया संकर पाल, घनस्याम पाल ,मोनू पाल, सुंदर पाल, छोटकू सेन, छेदी सेन, नंगू पाल,शिव बहोरी पाल,महराज दीन पाल श्याम पाल,मन्नू लाल गरी लाल टेलर, समय लाल पाल, राम बाबू पाल मुन्ना पाल रामू मास्टर आदि सम्पूर्ण ग्राम वासी सोनवारा का महत्व पूर्ण योगदान है।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला वारन्टी गिरफ्तार

**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में 2 अक्टूबर को जुआ संचालन की सूचना पर पहुँची कड़ा धाम थाना पुलिस पर जुआरियों ने फायरिंग की थी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और अन्य आरोपियों की तलाश थी अदालत में फरार अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया जिस पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने फरार अभियुक्त अकबर अली पुत्र शब्बीर अहमद निवासी गिरधरपुर गढ़ी थाना कड़ा धाम को ताजमल्लाहन के पास से गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है पकड़े गए आरोपी पर पुलिस टीम पर फायरिंग करने का आरोप है।

## बुजुर्ग को लाठियों से पीटकर दबंगो ने किया घायल

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में दबंग शराबी ने बुजुर्ग को लाठी से मार पीटकर घायल कर दिया है परिजन को जानकारी मिलते ही बुजुर्ग को लेकर नजदीकी पी एच सी नेवादा पहुंचे और इलाज कराकर लोधउर चौकी पहुंच कर घटना की जानकारी दिया। घटना क्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दुगार्पुर के मजरा सैदपुर निवासी कृष्णा प्रसाद निषाद उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र बेनी प्रसाद शुक्रवार सुबह साईकिल से बुखार होने पर नेवादा दवा लेने गया था दवा लेकर घर वापस लौट रहा था दुगार्पुर गांव के बाहर सिंघेला पुल के पास जैसे ही पहुंचा कि दबंग सच्चिदानन्द उर्फ टनकू शराब के नसे मे झूमता हुआ आया और साईकिल से जा रहे बुजुर्ग को पीछे से लाठियों से पीट पीट कर घायल कर दिया बुजुर्ग के हांथ पैर मे गंभीर चोट लगी है वहीं लोधउर चौकी पुलिस पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को खोज रही है।

# तेज रफ्तार डंफर ने युवक को कुचला, दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**



अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक युवक को तेज रफ्तार डंफर ने कुचल दिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई,मौके पर पहुंची पुलिस कागजी कोरम पूरा करने में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक राजेश उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र शिव प्रकाश निवासी सुसवन थाना असोथर जिला फतेहपुर अपने रिश्तेदार संगीता निवासी अझुवा के साथ रहता था संगीता नगर पंचायत अझुवा में आउट सोर्सिंग सफाई कर्मी पद पर तैनात है। शुक्रवार लगभग 2 बजे राजेश साइकिल में फावड़ा झाड़ू लेकर नगर पंचायत अझुवा के किराना गली मार्ग में प्रवेश कर रहा था प्रयागराज से फतेहपुर जाने वाले लेन पर अनियंत्रित तेज रफ्तार नया डंफर साइकिल सहित युवक राजेश को कुचल दिया जिससे युवक राजेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।राहगीरों नगर वासियों का मजमा लग गया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस कागजी कोरम पूरा कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया वहीं कुछ सफाई कर्मियों ने बताया मृतक युवक एक सफाई कर्मी जो आज नहीं आया था उसकी जगह मृत व्यक्ति सफाई करने चला गया था वापस लौटते समय ये दर्दनाक घटना हो गई ।युवक की दर्दनाक मौत से उसके रिश्तेदार सफाईकर्मी दहाड़े मारकर रोते रोते बेहोश देखे गए इस घटना को अंजाम देकर भाग रहे डंफर को अझुवा चौकी पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बच्ची की दर्दनाक मौत

**महगाव,कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव के पास भरवारी मनौरी मार्ग पर शुक्रवार की शाम पांच बजे अज्ञात वाहन ने 9 वर्षीय बच्ची को कुचल दिया जिससे बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मानसी उम्र 9 वर्ष पुत्री जगलाल निवासी ग्राम बिहका थाना पुरामुफ्ती प्रयागराज अपने मामा सिकन्दर पुत्र तेजई निवासी समसपुर के घर घूमने आई थी शुक्रवार की शाम बच्ची पैदल सड़क पर अपने साइड से जा रही थीं उसको किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर भाग गया। बच्ची खून से लथपथ सड़क पर तड़प कर दम तोड दिया दुर्घटना की खबर पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई चरवा थाना पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए है।

## ई रिक्सा से भिड़े बाइक सवार 6 गंभीर घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा टांडा मार्ग जय मां दुर्गे इंटर कालेज के पास बाइक सवार ई रिक्शा से भिड़ गए जिसमे मोटर साइकिल सवार 4 लोग और ई रिक्शा ड्राइवर साथ बैठा एक सवारी घायल हो गए मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है गंभीर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैजानकारी के मुताबिक ई रिक्शा चालक टांडा गांव की तरफ से आ रहा था वहीं एक मोटरसाइकिल मे मुकेश उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र लखन सिंह,प्रदुम्न उम्र करीब 10 वर्ष पुत्र भयंकर सिंह,प्रमोद 20 वर्ष पुत्र भयंकर सिंह ,संदीप17 वर्ष पुत्र नीरज सिंह 4 लोग सभी निवासी नादेमई यह सभी एक मोटरसाइकिल मे सवार होकर अझुवा की तरफ से घर जा रहे थे टांडा रोड के जय मां दुर्गे इंटर कालेज के पास ई रिक्शा और बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमे बाइक सवार सभी 4 घायल हो गए टक्कर बड़ी जबरदस्त थी ई रिक्शा चालक और एक सवारी भी घायल हो गई मौके पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए घंटों तक लोग एंबुलेंस को फोन करते रहे किंतु एंबुलेंस के ना आने पर मौके पर रहे लोगों और अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया मौके पर घायलों के परिजन पहुंच गए हैं गंभीर स्थिति देख डॉक्टर ने मुकेश प्रदुम्न और संदीप को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रिफर किया है।

# सर्राफा व्यापारी से लूट का पुलिस किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** तीन दिन पहले सरार्फा व्यापारी से हुई लूट का पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा खुलासा किया गया पुलिस और एसओजी टीम ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है,पुलिस को इनके पास से लूट का 20 ग्राम सोना चांदी का डेढ़ किलो गहना और नगदी रुपए बरामद हुआ है,आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस और लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है ।पुलिस ने तीनों को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में तीन दिन पहले सराफा व्यापारी अनिल सोनी से दुकान बंद कर घर जाते समय लूट हुई थी,लूट की सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची थी लेकिन लुटेरे फरार हो गए थे,जबकि एक लुटेरे को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था,जांच के दौरान पुलिस ने अंकित तिवारी, अमित पाण्डेय निवासी बेती हाथगवा और मनीष कुमार निवासी शहजादपुर को गिरफ्तार कर लिया और लूट में प्रयुक्त बाइक,लूटे हुए सोने चांदी के गहने और नगद रुपया बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में एक सराफा व्यापारी से लूट हुई थी जिसमे लुटेरे सराफा व्यापारी से सोने चांदी के गहने और नगदी 12 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट का सारा सामान बरामद कर लिया है ।एसपी ने बताया कि इसमें से अंकित तिवारी पर प्रतापगढ़ जनपद के कई थानों में चोरी और लूट के कई मामले दर्ज है,यह लोग बैंक से रुपए निकालने वालो,व्यापारियों की रेकी करते थे और उसे आगे जाकर लूट लेते थे,उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

## चार दिन बीते लाखों की चोरी के खुलासे में झोल ही झोल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मालक पिंजरी गांव के मजरा चकिया में 4 दिन पहले हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है इस घटना के खुलासे में झोल ही झोल दिखाई पड़ रहा है दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था तमाम अहम सुराग लगे उनके वीडियो भी वायरल हुए लेकिन घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी जानकारी के मुताबिक कमल सिंह और नरेंद्र सिंह निवासी मालक पिंजरी के चकिया गांव शमशाबाद चौकी मंझनपुर के घर मे रविवार की रात को 25 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है कमल सिंह गांव के बाहर घर बना कर रहने लगे लेकिन अपने पैतृक घर में उन्होंने अपने सोने चांदी के जेवर और रुपए रख दिए थे बगल में उनके भाई नरेंद्र सिंह का घर है नरेंद्र सिंह के घर घुसे चोरों ने पहले उनके घर को निशाना बनाया फिर कमल सिंह के घर को निशाना बनाया नरेंद्र सिंह ने वीडियो वायरल कर घटना का खुलासा किया है उसी रात संतलाल पासी के यहां भी चोरी हुई है चोरी की घटना में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की घटना स्वीकार किया भूसा से माल बरामद किया गया आरोपियों ने घटना के मुख्य सूत्रधार का नाम भी बताया लेकिन मुख्य सूत्रधार की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है और पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया है पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया है चर्चाओ पर जाए तो चोर को बचाव करने के नाम पर सेटिंग हो गई है एक चर्चित बाबा जी इस पूरी घटना के आरोपियों को बचाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं जिससे चार दिन बाद भी घटना का पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया है आला अधिकारी मामले को संज्ञान लेंगे तो दो भाई के घर में चोरी कराने वाला जहां जेल जाएगा वही चौकी इंचार्ज पर की लापरवाही भी उजागर होगी।

## न्यूज झरोखा

### प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को वितरित किया गया टेबलेट



**अझुवा कौशांबी।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को बी आर सी सिराथू में टेबलेट प्रदान किए गया शासन द्वारा टेबलेट वितरण योजना के दौरान लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत परिषदीय ,प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाओं के टेबलेट वितरण कार्यक्रम में 307 टेबलेट प्रदान किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों से नित नवाचार एवम सूचना प्रद्योगिकी का भरपूर उपयोग करने का आग्रह किया विशिष्ट अतिथि लवकुश मौर्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू एवम चेयर मैन सिराथू भोला यादव मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा की गई संयोजक के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया,सूर्य प्रकाश राय,अरुण बाजपेई,भास्कर मिश्रा,अमित गुप्ता,राम मिलन मौर्य आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन प्रतीक केसरी द्वारा किया गया है।

### तहसील संघ मंझनपुर के अध्यक्ष व महामंत्री को दिलाई गई शपथ



**कौशाम्बी।** तहसील मंझनपुर में अध्यक्ष का चुनाव 26 सितम्बर को हुआ था जिसमें तहसील अध्यक्ष के पद पर लखन लाल गर्ग एडवोकेट ने अपना परचम लहराया था जबकि महामंत्री के पद पर अविनाश कुमार तिवारी एडवोकेट को निर्विरोध चुना गया था शुक्रवार को तहसील परिसर के हाल में तमाम अतिथियों के बीच शपथ ग्रहण कराया गया। मंझनपुर तहसील संघ के अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय उपाध्यक्ष विधिक परिषद उ0प्र0 प्रयागराज रहे आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया अध्यक्ष ने सभी कार्यों को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करने का शपथ लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता नरनारायण मिश्र पूर्व अध्यक्ष मॉडल बार एसोसिएशन अधिवक्ता मनु देव त्रिपाठी, पूर्व विधायक लाल बहादुर , नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सरोज फौजी, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव , वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील श्रीवास्तव, अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र, अधिवक्ता संजय कुमार मिश्र, अधिवक्ता बलराम त्रिपाठी, अधिवक्ता शेष नारायण दुबे, अधिवक्ता रामबाबू मिश्र, अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद सिंह, अधिवक्ता दीपक खरे, अधिवक्ता अशोक कुमार खरे, अधिवक्ता मानसिंह पटेल, अधिवक्ता दीपक मिश्र, अधिवक्ता हरीमोहन मिश्र सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**महगांव कौशांबी।** विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत मलाक मोहिनुद्दीनपुर के सामुदायिक भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहां खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के साथ मौजूद एडीओ पंचायत रामसिंह शिवशंकर यादव कृधि डॉक्टर सीबी चौरसिया पशुधन प्रसार आधिकारी वीएन सिंह मनरेगा डीसी, ग्राम रोजगार सेवक विकास चन्द्र, पंचायत सहायक फरहीन बेगम, राम विलास और बैंक सखी श्वेता मंजू देवी माधुरी पाल समूह सखी ने लोगो की समस्याओं को सुना और निवारण के लिए आश्वासन दिया इस दौरान ग्राम प्रधान प्रशांत कुमार उर्फ पंकज ने ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो मनरेगा योजना एसएचजी योजनाओं की जानकारी दी पंचायत विभाग वित्त विभाग की धनराशि से कराए गए कार्य ग्राम पंचायत में लगाई गई लाइट शौचालय जल निकासी नाली, खडंजा, इंटरलाकिंग, कच्चे पक्के संपर्क मार्ग,संचारी रोग, टीकाकरण, वृद्धा एवम विधवा, विकालग पेंशन की जानकारी दी चौपाल में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, कृषि व कृषि रक्षा से जुड़ी प्राकृतिक एवम आर्गेनिक खेती, हर घर नल जल जैसी योजनाओं पर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई और इसकी जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में टीररू दशरथ मन्नी लाल पंछी लाल अमरनाथ द्वारा वृद्धा पेंशन आवास शौचालय हैंडपंप की मांग की गगांव की महिलाए धानिया देवी बेलवा देवी गंगुई देवी ने वृद्धा पेंशन के लिए नाम दर्ज कराया ऊष्मा देवी सुधवंती देवी मनिता देवी सरिता देवी ने आवास शौचालय के लिए समस्या दर्ज कराई।

### बच्ची से दुष्कर्म की जानकारी पर घटनास्थल पर पहुंचे सीओ



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थानस क्षेत्र के नोडिया करेंटी कहारन की तलरी के पास शुक्रवार को गन्ने के खेत के बगल धान के खेत के पास सात वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की सूचना ग्रामीणों ने 112 डायल पुलिस को दिया घटना स्थल पर एक मोबाइल फोन भी मिला है बच्ची के मुँह में धान की बाली भी भर दिया गया था जिससे वह बोल नहीं पा रही हैं जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। बताया जाता है वह घर से बच्ची को बहला फुसलाकर लाया गया था और उसके साथ घटना को अंजाम दिया गया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा एसओ कोखराज भी पहुँचे।

# शिव धनुष टूटते ही सारे ब्रह्माण्ड में जय-जयकार की ध्वनि छा गई

**अखंड भारत संदेश**



**जनक जी के बिलाप को सुनकर रामलीला देखने आए दर्शकों की आंखों में छलक आए आँसू, मूर्ख राजा तमककर किटकिटाकर धनुष को पकड़ते हैं, परन्तु जब नहीं उठता तो लजाकर चले जाते हैं**

मनौरी कौशांबी मनौरी में श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में हो रहे रामलीला में गुरुवार को कलाकारों ने सीता स्वयंवर व धनुष यज्ञ की लीला का शानदार मंचन किया। सीता स्वयंवर में भगवान श्री राम ने शिव धनुष को उठाया तो पूरा ब्रह्मांड कांप उठा। पंडाल जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। सीता ने प्रभु श्री राम के गले में जयमाला डाल दी। रामलीला की शुरूआत में जनकपुरी में राजा जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए देश देशांतर के राजाओं को बुलवाते हैं, और शिव धनुष को उठाने व प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखते हैं, कोई भी राजा धनुष को हिला नहीं पाता है ।राजाओं से धनुष न उठना, जनक की निराशाजनक वाणी जनक जी बिलाप करने लगे रामलीला देखने आए दर्शकों की आंखों में आंसू छलक आए हे पृथ्वी की पालना करने वाले सब राजागण! सुनिए। हम अपनी भुजा उठाकर जनकजी का विशाल प्रण कहते हैं राजाओं की भुजाओं का बल चन्द्रमा है, शिवजी का धनुष राहु है, वह भारी है, कठोर है, यह सबको विदित है। बड़े भारी योद्धा रावण और बाणासुर भी इस धनुष को देखकर गौं से चुपके से चलते बने उसे उठाना तो दूर रहा छूने तक की हिम्मत न हुई उसी शिवजी के कठोर धनुष को आज इस राज समाज में जो भी तोड़ेगा, तीनों लोकों की विजय के साथ ही उसको जानकीजी बिना किसी विचार के हठपूर्वक वरण करेंगी प्रण सुनकर सब राजा ललचा उठे। जो वीरता के अभिमानी थे, वे मन में बहुत ही तमतमाए। कमर कसकर अकुलाकर उठे और अपने इष्टदेवों को सिर नवाकर चले वे तमककर बड़े ताव से शिवजी के धनुष की ओर देखते हैं और फिर निगाह जमाकर उसे पकड़ते हैं, करोड़ों भाँति से जोर लगाते हैं, पर वह उठता ही नहीं। जिन राजाओं के मन में कुछ विवेक है, वे तो धनुष के पास ही नहीं जाते। सब राजा तमककर किटकिटाकर धनुष को पकड़ते हैं, परन्तु जब नहीं उठता तो लजाकर चले जाते हैं, मानो वीरों की भुजाओं का बल पाकर वह धनुष अधिक-अधिक भारी होता जाता है तब दस हजार राजा एक ही बार धनुष को उठाने लगे, तो भी वह उनके टाले नहीं टलता। शिवजी का वह धनुष कैसे नहीं डिगता था, जैसे कामी पुरुष के वचनों से सती का मन कभी चलायमान नहीं होता सब राजा उपहास के योग्य हो गए, जैसे वैराग्य के बिना संन्यासी उपहास के योग्य हो जाता है। अरे भाई! चढ़ाना और तोड़ना तो दूर रहा, कोई तिल भर भूमि भी छुड़ा न सका अब कोई वीरता का अभिमानी नाराज न हो। मैंने जान लिया, पृथ्वी वीरों से खाली हो गई। अब आशा छोड़कर अपने-अपने घर जाओ, ब्रह्मा ने सीता का विवाह लिखा ही नहीं यदि प्रण छोड़ता हूँ, तो पुण्य जाता है, इसलिए क्या करूँ, कन्या कुँआरी ही रहे। यदि मैं जानता कि पृथ्वी वीरों से शून्य है, तो प्रण करके उपहास का पात्र न बनता॥और देखती हुई सीताजी के चंचल नेत्र इस प्रकार शोभित हो रहे हैं, मानो चन्द्रमंडल रूपी डोल में कामदेव की दो मछलियाँ खेल रही हों सीताजी की वाणी रूपी भ्रमरी को उनके मुख रूपी कमल ने रोक रखा है। लाज रूपी रात्रि को देखकर वह प्रकट नहीं हो रही है। नेत्रों का जल नेत्रों के कोने कोये में ही रह जाता है ।उन्होंने सीताजी को देखकर धनुष की ओर कैसे ताका, जैसे गरुड़जी छोटे से साँप की ओर देखते हैं इधर जब लक्ष्मणजी ने देखा कि रघुकुल मणि श्री रामचन्द्रजी ने शिवजी के धनुष की ओर ताका है, तो वे शरीर से पुलकित हो ब्रह्माण्ड को चरणों से दबाकर वचन बोले-दिसिकुंजरहु कमठ अहि कोला। धरहु धरनि धरि धीर न डोला॥रामु चहहिं संकर धनु तोरा। होहु सजग सुनि आयसु मोरा॥हे दिग्गजो! हे कच्छप! हे शेष! हे वाराह! धीरज धरकर पृथ्वी को थामे रहो, जिससे यह हिलने न पावे। श्री रामचन्द्रजी शिवजी के धनुष को तोड़ना चाहते हैं। मेरी आज्ञा सुनकर सब सावधान हो जाओ॥चाप समीप रामु जब आए। नर नारिन्ह सुर सुकृत मनाए॥सब कर संसउ अरु अग्यानू। मंद महीपन्ह कर अभिमानू श्री रामचन्द्रजी जब धनुष के समीप आए, तब सब स्त्री-पुरुषों ने देवताओं और पुण्यों को मनाया। सबका संदेह और अज्ञान, नीच राजाओं का अभिमान,भृगुपति केरि गरब गरुआई। सुर मुनिबरन्ह केरि कदराई॥ सिय कर सोचु जनक पछितावा।रानिन्ह कर दारुन दुख दावा॥परशुरामजी के गर्व की गुरुता, देवता और श्रेष्ठ मुनियों की कातरता भय सीताजी का सोच, जनक का पश्चाताप और रानियों के दारुण दुःख का दावानल, संभुचाप बड़ बोहितु पाई। चढ़े जाइ सब संगु बनाई॥राम बाहुबल सिंधु अपारू। चहत पारु नहिं कोउ कड़हारू ऐसा समझकर श्री रामजी ने जानकीजी की ओर देखा और उनका विशेष प्रेम लखकर वे पुलकित हो गए गुरहि प्रनामु मनहिं मन कीन्हा। अति लाघवँ उठाइ धनु लीन्हा दमकेउ दामिनि जिमि जब लयऊ। पुनि नभ धनु मंडल सम भयऊ॥मन ही मन उन्होंने गुरु को प्रणाम किया और बड़ी फुर्ती से धनुष को उठा लिया। जब उसे हाथ में लिया, तब वह धनुष बिजली की तरह चमका और फिर आकाश में मंडल जैसा मंडलाकार हो गया॥लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़ें। काहुँ न लखा देख सबु ठाढ़ें॥तेहि छन राम मध्य धनु तोरा। भरे भुवन धुनि घोर कठोरा लेते, चढ़ाते और जोर से खींचते हुए किसी ने नहीं लखा अर्थात ये तीनों काम इतनी फुर्ती से हुए कि धनुष को कब उठाया, कब चढ़ाया और कब खींचा, इसका किसी को पता नहीं लगा), सबने श्री रामजी को धनुष खींचे खड़े देखा। उसी क्षण श्री रामजी ने धनुष को बीच से तोड़ डाला। भयंकर कठोर ध्वनि से सब लोक भर गए भे भुवन घोर कठोर रव रबि बाजि तजि मारगु चले।चिक्करहिं दिग्गज डोल महि अहि कोल कूरुम कलमले॥सुर असुर मुनि कर कान दीन्हें सकल बिकल बिचारहीं।कोदंड खंडेउ राम तुलसी जयति बचन उचारहीं घोर, कठोर शब्द से सब लोक भर गए, सूर्य के घोड़े मार्ग छोड़कर चलने लगे। दिग्गज चिग्घाड़ने लगे, धरती डोलने लगी, शेष, वाराह और कच्छप कलमला उठे। देवता, राक्षस और मुनि कानों पर हाथ रखकर सब व्याकुल होकर विचारने लगे श्री रामजी ने धनुष को तोड़ डाला, तब सब 'श्री रामचन्द्र की जय' बोलने लगे संकर चापु जहाजु सागरु रघुबर बाहुबलु। प्रभु दोउ चापखंड महि डारे। देखि लोग सब भए सुखारे॥कौसिकरूप पयोनिधि पावन। प्रेम बारि अवगाहु सुहावन॥प्रभु ने धनुष के दोनों टुकड़े पृथ्वी पर डाल दिए। यह देखकर सब लोग सुखी हुए। विश्वामित्र रूपी पवित्र समुद्र में, जिसमें प्रेम रूपी सुंदर अथाह जल भरा है,रामरूप राकेसु निहारी। बढ़त बीचि पुलकावलि भारी बाजे नभ गहगहे निसाना। देवबधू नाचहिं करि गाना राम रूपी पूर्णचन्द्र को देखकर पुलकावली रूपी भारी लहरें बढ़ने लगीं। आकाश में बड़े जोर से नगाड़े बजने लगे और देवांगनाएँ गान करके नाचने लगीं ब्रह्मादिक सुर सिद्ध मुनीसा। प्रभुहि प्रसंसहिं देहिं असीसा॥बरिसहिं सुमन रंग बहु माला। गावहिं किंनर गीत रसाला ब्रह्मा आदि देवता, सिद्ध और मुनीश्वर लोग प्रभु की प्रशंसा कर रहे हैं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इस दौरान शंभू लाल केसरवानी, राधे श्याम केसरवानी, दीपू केसरवानी, रतन केशरवानी, सुधीर कुमार केसरवानी, नरोत्तम दास केसरवानी, सतीश कुमार, हिमांशु जी, भारत लाल, धीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, हरजीवन लाल, सुशील कुमार मंत्रीजी आदि लोग रहे।

## संपादक की कलम से

### उद्योगों, उपभोक्ताओं में बढ़ा मानकों के प्रति विश्वास

विश्व मानक दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जिसे पूरी दुनिया में 1970 से 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम बेहतर दुनिया केलिए साझा दृष्टिकोण रखा गया है। यह वार्षिक कार्यक्रम पूरी दुनिया में इंटरनेशल इलेक्ट्रो.टेक्निकल ;आईईसीद्धए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ;आईएसओद्ध और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ ;आईटीयूद्ध द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है। दुनियां में प्रत्येक वस्तु और सेवा में एकरूपता बनी रहे इसके विश्व मानव दिवस मनाने की आवश्यकता महसूस की गई। विश्व मानक दिवस हर साल 14 अक्टूबर को स्वैच्छिक इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक मानकों के विकास के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था को मानकीकरण के महत्व के रूप में नियामकोंए उद्योगों और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। हमारे दैनंदिन में जीवन मानकों का बहुत प्रभाव पड़ता है। मानक आधुनिक जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़े हैं।

मानक हमारे घरए सार्वजनिक भवनए खेल के मैदानए विद्युत उपकरणों एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित बनाने में मदद करके जीवन क्षमता बढ़ाते हैं। वे हमारे वातावरण को संरक्षण प्रदान करते हैंए उत्पादकता बढ़ाते हैं और जीवन को खुशियों से भरते है।मानक ;स्टैंडड्र्सद्ध यह सुनिश्चित करते हैं कि सेवाओं से किस प्रकार उपभोक्ता और उद्योग का हित संभव है। इससे विश्वास और भरोसा बढ़ता है। औद्योगिक अपशिष्ट में कटौतीए सीमित संसाधनों के साथ अच्छे परिणाम के लिए मानकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्पाद एवं सेवा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों में मानकीकरण के कार्यों के अतिरिक्त विभिन्न प्रमाणन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विभिन्न प्रमाणन योजनाओं में बढ़ते हुए लाइसेंसों की संख्या यह दशार्ती है कि उद्योगोंए उपभोक्ताओं और जनसाधारण में मानकों के प्रति विश्वास बढ़ा है। मानकों के प्रयोग से संपूर्ण रूप से दीर्घगामी दक्षता में वृद्धि के रूप में इसके परिणाम और उनका समाधान करने में महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तकनीकी फायदे हैं और इससे उत्पादों तथा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा इनसे जुड़े उद्योगों को अधिक कुशल बनाने में मदद मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक मानकीकरण की दिशा में जो भी अच्छे प्रयास किए जा रहे हैंए उनका फायदा विकासशील देशों को ही मिलेगा। इससे न केवल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनकी मांग बढ़ेगीए बल्कि व्यापार में लागत भी कम होगी तथा उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी।

मानक के माध्यम से आज पूरा विश्व एक दूसरे से जुडा हुआ है। हमारा डेबिटए क्रेडिट कार्ड एटीएम मशीन से हमारे लिए पैसे निकाल देता हैए किसी भी दुकान से हमारे लिए वस्तुएं क्रय कर सकता है । हमारे द्वारा क्रय किया गया किसी भी कम्पनी का बल्ब हमारे घर के होल्डर में फिट हो जाता है । यह सब मानको के कारण ही संभव हुआ है। मानकों से ही तो लोगों में परस्पर सम्प्रेषणए मशीनए पुर्जो तथा उत्पादों में आपस में तालमेल अत्यंत सरल हुआ है।

भारतीय मानक ब्यूरो निरंतर यह प्रयास रहा है कि वह निर्दिष्ट भारतीय मानकों से उत्पादों के अनुरूप मूल्यांकन द्वारा मानकीकरण के फायदों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाए। इससे उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाले उत्पांद मिलने के साथ.साथ उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

विश्व में वित्तीय अनिश्चितता आज सबसे बड़ा मुद्दा बनी हुई है। उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना आज बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है। स्टैंडर्ड से उपभोक्ता का किसी चीज में विश्वास बढ़ता है। भारतीय मानक ब्यूरो का यह निरंतर प्रयास है कि वह उपभोक्ताओं को विश्वास और सुरक्षा के साथ चीज उपलब्ध करवाए।

# इन चुनावों में विरोधियों से नहीं अपनों से जूझते दल

पांच राज्यों के चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है, चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। विशेषतः राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता के दावेदारों में लोक-लुभावन वादों एवं रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी हुई है। येन-केन-प्रकारेण सत्ता हथियाना इन चुनावों का चरम लक्ष्य है। इन तीनों ही प्रांतों में चुनावों की सबसे खास बात यह है कि इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूचियां सामने आ रही है, विरोध का स्वर उभर रहे हैं, उग्र विरोध को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनावों में परायों से अधिक डर इस बार ह्यअपनोंह्न का चुनौती बनेगा।

वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है। जबकि मतदाताओं के सामने राज्य व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग विचार व अवधारणाएं होती हैं। दोनों ही प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने एवं उनकी मानसिकता को समझते हुए चुनावी मुद्दों को उछाल रही है। कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग राज्यों का क्षेत्रीय नेतृत्व वे मुद्दे उठा रहा है जिनसे राज्यों के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जबकि भाजपा की कोशिश है कि राज्यों के मुद्दों को केन्द्र में रखते हुए राष्ट्रीय विकास को मतदाताओं के सामने रखा जाये। भाजपा का मुख्य जोर विकास कार्यों एवं राष्ट्र विकास की योजनाओं पर है। दोनों पार्टियों में एक और मूलभूत अन्तर है कि भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव अभियान को गति दे रहा है, वहीं कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। जहां तक चुनावों में जा रहे तेलंगाना व मिजोरम राज्यों का सवाल है तो इनमें भी कांग्रेस पार्टी इन राज्यों की जरूरत के मुताबिक अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है और भारत राष्ट्र समिति व मिजो नेशनल फ्रंट पार्टियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहती




है।

भाजपा इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने टिकट वितरण में इस बार तीनों राज्यों के क्षत्रपों की जगह भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय संगठन और संघ की राय को महत्त्व दिया है। भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है। सभी टिकट घोषित होने के बाद असंतोष के सुर तेज होने की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तो मध्यप्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभालते हुए नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया है। राज्य स्तर पर बगावती स्वरों से उत्पन्न नुकसान को नियंत्रित करने के लिये टीम बनाई गई है। चूंकि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रही है इसलिए पर्दे के पीछे बगावत को शांत करने का जिम्मा भी संघ को सौंपा गया है। कांग्रेस पार्टी भी लगभग ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रही है। उसके सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता को दोहराने एवं मध्यप्रदेश में भाजपा को पछाड़ने की पूरी आस है, आशा एवं संभावनाभरे इन परिदृश्यों में उसे भी लग रहा है कि विरोधियों से मुकाबले में ह्यअपनोंह्न से जूझने की समस्या है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकताओं को प्राथमिकता दी है एवं स्थानीय मुद्दों को आगे किया है। टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के उग्र तेवर से कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। प्रश्न है कि नाराज कार्यकताओं का असली विरोध चुनावी रणक्षेत्र में क्या रंग दिखाता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के सामने विरोधियों से ज्यादा अपनो का खतरा मंडरा रहा है। अक्सर चुनावों में इन स्थितियों का परिणामों पर सीधा असर पड़ता रहा है। जो भी चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टियों का भविष्य सीधे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से बंध जायेगा। उत्तर भारत के हिन्दी क्षेत्र के लिये भाजपा ही सर्वप्रिय पार्टी मानी जाती है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ माने जाते हैं। इन तीनों ही राज्यों में इस बार व्यापक फेरबदल की संभावनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही है। भले ही पिछले 2018 के चुनावों में भी ऐसा ही उलटफेर हुआ हो और कांग्रेस ने तीनों ही राज्यों में सरकारें बनाई थीं मगर कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। भारत के राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, विशेषतः मतदाताओं के बदलते मिजाज के बारे में कोई आकलन नहीं किया जा सकता है। विधानसभा में जीत दिलाने वाले मतदाता लोकसभा चुनावों में हार का सेहरा बांध देते हैं।

कांग्रेस पार्टी भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर गहरी नजरे गढ़ाए हुए है। कुछ मामलों में वह भाजपा की नीतियों को अपनाने में भी कोई हर्ज नहीं मान रही है। कतिपय मामलों में कांग्रेस पार्टी भी इन राज्यों के चुनावों को क्षेत्रीय के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। पांच राज्यों के ये चुनाव वास्तव में असाधारण चुनाव हैं क्योंकि राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को अपने पिछले पांच सालों के काम के बूते पर जनता का मत एवं मन जीतना है और मध्यप्रदेश में यही काम भाजपा को करना है। जिस प्रकार इन तीनों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लोकलुभावन घोषणां एवं मुफ्त की रेवडियां बांटी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव की आहट के साथ बहुत सी ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनसे गरीब व कम आय वाले लोगों के साथ किसानों को भी लाभ पहुंचा है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि चुनाव से ठीक पहले ही सत्ताधारी दलों को जन-कल्याण की चिन्ता क्यों सताने लगती है? प्रश्न है कि लोक कल्याणकारी राज के सिद्धान्त के अनुरूप गरीब वर्गों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का ढांचा खड़ा करने की वैधानिक व्यवस्था ये राजनीतिक दल क्यों नहीं करते? राजस्थान में गहलोत सरकार ने अपनी कुछ जनकल्याण की योजनाओं को कानूनी जामा भी पहनाया है परन्तु शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में जन उपकारी योजनाओं को वह कानूनी रूप में देखना चाहते हैं। बात केवल राजस्थान की नहीं है, सभी प्रांतों एवं केन्द्र में ऐसी व्यवस्था बननी ही चाहिए और ऐसे ही मुद्दें चुनावी मुद्दें भी बनने चाहिए।

चुनावी मौसम में ही मुफ्त की रेवड़िया बांटना एवं लोकलुभावन वादों की होड़ लगाना क्या लोकतंत्र का मखौल नहीं है? मतदाता को ठगने एवं लुभाने की इन चेष्टाओं पर सुप्रीम कोर्ट एवं चुनाव आयोग अनेक बार चेता चुका है, लेकिन नसीहत देने से आगे बढ़कर कठोर कदम उठाने होंगे। कठोर कार्रवाई के अभाव में ही हमारा लोकतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। विडम्बना है कि आज जनता की बुनियादी समस्याओं का हल एवं उसकी खुशहाली का रास्ता चुनावों से होकर नहीं जाता। हर चुनाव में आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। फिर भी कोई सारथि नहीं बनता। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। ह्वसारे ही दल एक जैसे हैंह्न यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं। क्या पांच राज्यों के चुनाव एक बार फिर इसी स्वार्थ-नीति के शिकार होंगे? मतदाता को जागना होगा।

**प्रेषक-**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**

## राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

**यह** आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत। बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?' उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सजा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी। वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे। फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है।

हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णतः नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूजिव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी।

मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

## पद एक और दावेदार अनेक

देश की हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है और सभी दल अपने.अपने हिसाब से तैयारियों में जुट गए हैं इनमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता पर कांग्रेस पार्टी काबिज है वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा का परचम फहरा रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोतए छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री के पद पर कार्यरत है। तीनों ही ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते है। राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलेट में आपसी संघर्ष सर्वविदित है। सचिन ने एक बार गहलोत के शासन का तख्ता पलटने का प्रयास किया था मगर सफल नहीं हुए। गहलोत ने सचिन को नक्कारा और निक्कमा घोषित करते देर नहीं की। फिलहाल चुनावी शांति बनी हुई है। टिकटों के वितरण के बाद ही पत्ता चलेगा यह सियासी शांति बनी रहती है या नहीं। कांग्रेस ने यहाँ सीएम का फेस किसी को घोषित नहीं किया है। गहलोत और सचिन दोनों ही सीएम पद के दावेदार है। दूसरी तरफ भाजपा में भी गुटबाजी कम नहीं है एइसी कारण यहाँ सीएम का फेस घोषित नहीं किया गया और मोदी के फेस पर चुनाव लडा जा रहा है। भाजपा में वसुंधरा राजे सहित आधा दर्जन नेता सीएम पद के दावेदार है। इनमें केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सांसद दिया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल है। राजे से पार्टी का आलाकमान नाराज चल रहा है।

राजस्थान विधानसभा में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला किया हैए पिछली बार पार्टी ने वसुंधरा राजे की लीडरशिप में चुनाव लड़ा था। मध्य प्रदेश में हालाँकि कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव लड़ रही है और वे सीएम फेस भी है। मगर भाजपा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनौती देने के लिए भाजपा हाई कमान ने कई भारी भरकम नेताओं को चुनावी मैदान में उतार दिया है। राज्य में मुख्यमंत्री पद के दावेदार नरेन्द्र सिंह तोमर कैलाश विजयवर्गीय जैसे नामों को भी विधानसभा चुनाव संग्राम में उतार दिया गया। इनमें कुछ ने तो सरेआम कह दिया कि पार्टी उन्हें ष्महज विधायक बनाने के लिए नहीं लड़वा रही हैए तो दूसरे ने कहा कि चुनाव लड़ने का आदेश तो उनके ष्गुरू ने दिया है, जो कुछ बड़ा करने के लिए है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को सीएम फेस घोषित नहीं किया है और यहां भी राजस्थान की तरह मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा जायेगा। मगर कांग्रेस में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके ही उप मुख्य मंत्री टीएस सिंहदेव की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस भांति कहा जायेगा की तीनों प्रदेशों में सीएम पद के अनेक दावेदार है जिनके बीच किसी एक का चुनाव करना इतना सरल नहीं होगा।

# जंक फूड ने पाचनतंत्र पर कब्जा कर जीवन तंत्र को बिगाड़ा

देश और दुनिया में तेजी से बढ़ते जंक फूड ने हमारे पाचन तंत्र पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया है। एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। यह रिपोर्ट 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है। मेडिकल पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित यह रिपोर्ट डरावने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है दुनियाभर के 14 प्रतिशत वयस्क और 12 प्रतिशत बच्चे तेजी से बढ़ते जंक फूड के चलन से विभिन्न घातक बीमारियों की चपेट में आ गए है। मोटापे के साथ उच्च रक्त चापए शुगरएह्रदय रोगएकैंसर जैसी बीमारियों ने जकड़ना शुरू कर दिया है। आजकल बच्चोंए युवाओं और बड़ी उम्र के लोगों में जंक फूड यानि अल्ट्रा.प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के प्रति तेजी से लगाव बढ़ रहा है। भारत की बात करे तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले ही चेता दिया है की स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरें को समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल केवल हम ही होंगे। देश में दबे पांव प्रवेश करने वाले जंक फूड जिसे फास्ट फूड भी कहते है ने हमारे सम्पूर्ण पाचनतंत्र पर कब्जा कर स्वास्थ्य के जीवन तंत्र को बिगाड़ कर रख दिया है। जंक अथवा फास्ट फूड आज घर घर में अल्पाहार के रूप में प्रयोग में लिए जा रहे है। जंक फूड चिप्सए कैंडीए शीतल पेयए नूडल्सए सैंडविचए फ्रेंच फ्राइजए पास्ताए क्रिस्प्सए चॉकलेटए मिठाइयाँए हॉट डॉग जैसे पदार्थों को कहा जाता है। बर्गरए पिज्जा जैसे तले.भुने फास्ट फूड भी जंक फूड की श्रेणी में आती है। जाइरोए तकोए फिश और चिप्स जैसे शास्त्रीय भोजनों को भी जंक फूड मानते हैं। जंक फूड में कार्बोहाईड्रेटए वसा और शर्करा होती



है। इसमें अधिकतर तलकर बनाए जाने वाले व्यंजनों में पिज्जाए बर्गरए फ्रैंकीए चिप्सए चॉकलेटए पेटीज मुख्य रूप से शामिल हैं। एक आहार विशेषज्ञ अनुसार बर्गर में 150.200ए पिज्जा में 300ए शीतल पेय में 200 और पेस्ट्रीए केक में करीब 120 किलो कैलोरी होती है जो आजकल लोगों पर मोटापे के रूप में हावी हो रहा है। यह देखा जाता है इस प्रकार के खाध पदार्थों ने घर घर में अपने पांव पसार लिए है। विशेषकर महानगरों के स्कूलए कालेजों और नौकरी करने वाले अधिकतर युवा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स अथवा फास्ट फूड पर चलते हैंए बल्कि यह कहना ज्यादा उचित होगा कि उन्हें इनका चस्का लगा हुआ है। नतीजा बड़ा ही खौफनाक है। इस फूड खाने के आदी युवा ऐसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं जो बुढ़ापे की बीमारियाँ समझी जाती हैं। बाजार में फूड के नाम पर जो चीजें सहज उपलब्ध हैंए उनमें शर्करा और चर्बी तो होती हैए लेकिन प्रोटीन लगभग नदारद होती है। यही नहींए उनमें पड़ने वाले कृत्रिम नमक और प्रिजर्वेटिव्स स्वास्थ्य के लिए जहर जैसे होते हैं। प्रोटीन की कमी उनमें कितनी ही स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा करती हैं। इसमें पोषण की कमी होती है और शरीर के तंत्र के लिए हानिकारक होता है। ज्यादातर अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड उच्च स्तर पर वसाए शुगरए लवणताए और बुरे कोलेस्ट्रॉल से परिपूर्ण होते हैंए जो स्वास्थ्य के लिए जहर होते हैं। इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है इसलिए आसानी से कब्ज और अन्य पाचन संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के खाद्य उत्पादों ने एक दशक में ही भारतीय बाजारों पर अपना कब्जा जमा लिया है। बड़े होटलोंए रेस्ट्रां से लेकर जनरल स्टोरए किराने की दुकानोंए थड़ियों और चायपान की दुकानों पर ये उत्पाद आपको आसानी से उपलब्ध हो जायेंगे। इनमें फास्ट फूड ऐसा उत्पाद है जो कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता है। मैगी इसका जीवन्त उदाहरण है। मैगी का उपयोग घर.घर में हो रहा है और बच्चे विशेष रूप से इसे बड़े चाव से खा रहे हैं। जंक फूड आमतौर पर चिप्सए कैंडीए बर्गरए पिज्जाए फ्रेंकीए चाऊमीनए चाकलेटए पेटीज जैसे तले.भुने फास्ट फूड को कहा जाता है। इसके अलावा दुकानों पर लटकने वाली चमकीली थैलियों में लेजए कुरकुरेए चिप्स आदि का सेवन भी घर.घर में धड़ल्ले से हो रहा है। ठण्डे पेय का बाजार अलग से गर्म है। भांति.भांति के ठण्डे पेय की बोतलें बाजारों में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों ने न केवल महानगरों अपितु छोटे.छोटे नगरोंए कस्बों और गांवों तक में अपनी पहुंच बनाली है।

बाल मुकुन्द ओझा

# बेलरी में ग्रामीण बना रहे रपटा, सेमराताल में बन रही सडक

## मिल रहा ददुआ की कृपा प्रसाद का चटखारा , बेलरी में ग्रामीण बना रहे रपटा, सेमराताल में लोनिवि बना रहा डेढ करोड की सडक , सेमराताल में नहीं है आबादी





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के लोकसभा के प्रबल दावेदार पर पांच लाख रुपये के ईनामी दस्यु ददुआ की विशेष कृपा रही है। उस दावेदार पर दस्यु ददुआ से तालमेल बाबत मुकदमा भी एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है। उसमें उसे सजा होने की प्रबल सम्भावना है। ऐसे जनप्रतिनिधि के क्षेत्र में जहां लोग सडक-रपटे को तरस रहे हैं, वहां जनप्रतिनिधि डेढ करोड की लागत से ऐसी जगह सडक बनवा रहा है, जहां दूर-दूर तक आबादी का नामोनिशान नहीं है।

शुक्रवार को उस जनप्रतिनिधि बाबत खुलासा हुआ है। उस जनप्रतिनिधि पर 1998 में दस्यु ददुआ के गुर्गो को टेन्ज के पास देने समेत मिलीभगत के आरोप का मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है। वह अपने प्रभाव से मामले को लम्बित दर लम्बित करता चला आ रहा है। ऐसा न करने पर जनप्रतिनिधि पद समाप्त होने का अंदेशा बरकरार है। ऐसे जनप्रतिनिधि जहां एक ओर अमृत महोत्सव मना रहे हैं, दिन-रात मोदी-योगी जप रहे हैं। उन्हें ये भी अंदेशा है कि पार्टी छोडकर जाने पर भाजपा सरकार कहीं उनकी जांच न करा दें, जांच होने पर ऐसे खुलासे होंगे कि लोग चैंक जायेंगे। उस जनप्रतिनिधि के कार्यकाल में जहां लोग सडक व रपटे के लिए तरस रहे हैं, वहीं वह जनप्रतिनिधि डेढ करोड की लागत से ऐसी जगह सडक बनवा रहा है, जहां उसके निहित स्वार्थ काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामनगर ब्लाक के बेलरी गांव में देखने को मिला है। वहां के ग्रामीणों ने तय किया है कि वे खुद रास्ता बनायेंगे। ग्रामीणों ने मऊ तहसील के रामपुर गांव के मजरा बेलरी में आज तक संपर्क मार्ग नहीं है। ये वही जिला है, जहां जनप्रतिनिधि निजी लाभ को डेढ़ करोड़ की लागत से सड़क बनवा रहा है। उस जनप्रतिनिधि ने मानिकपुर तहसील के सेमराताल में तकरीबन दो सौ बीघा जमीन खरीदी है। उस जमीन तक जाने को डेढ करोड की लागत से आनन-फानन में सडक बनाई जा रही है। किसी ने उससे ये तक पूंछने की जरूरत नहीं समझी कि वहां सडक क्यों बनाई जाये, जबकि वहां कोई आबादी नहीं है। लोगों ने सवाल उठाये कि बेलरी, चूल्ही, बडेहार जैसे गांवों तक संपर्क मार्ग बनाने को विभाग के पास न समय है न बजट। फिर वहां क्यों सडक बन रही है। इसे कहते हैं- गुजरे हैं लोकतंत्र के उस मुकाम से, नफरत सी हो गई है लोकतंत्र के नाम से, फिलहाल बात यहीं पर खत्म।

# राज्य पुरस्कार को चयनित होकर शिक्षक राजू ने जिले का किया नाम रोशन

## निष्पक्ष ढंग से चयन पर बुद्धजीवियों ने जताई खुशी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ ने जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने शिक्षकों की आईसीटी प्रतियोगिता सात से 11 अगस्त के बीच लखनऊ में कराई थी। कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने को आईसीटी एवं नवीन तकनीकी विधाओं को पेश करने पर प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में जिले से रामनगर ब्लाक के उफरौली गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू यादव को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया है। उनके इस चयन पर जिले के तमाम बुद्धजीवियों ने कहा कि सरकार ने पहली बार किसी का निष्पक्ष ढंग से चयन किया है।

शुक्रवार को रामनगर ब्लाक के उफरौली गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू यादव के आईसीटी एवार्ड 2022 में श्रेष्ठ शिक्षक के बतौर चयन होने पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद लखनऊ ने 19 अक्टूबर को घोषित सूची में उन्हें चयनित किया है। कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने को आईसीटी एवं नवीन तकनीकी विधाओं को पेश किया है। शिक्षक राजू यादव ने राज्य में जिले का प्रतिनिधित्व कर 2013 में बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षण कार्य की शुरूवात की थी। बरगढ जैसे पठारी क्षेत्र में बच्चों को आधुनिक शिक्षा नवीन तकनीक से देकर निपुण बनाया था। उफरौली में प्रधानाध्यापक पद पर कार्य करते हुए विद्यालय को प्रदेश के अग्रणी विद्यालयों में शामिल कराया। बच्चों को आधुनिक शिक्षण तकनीक प्रोजेक्टर, लैपटाप, स्मार्ट टीवी, स्पीकर, रेडियो एवं प्रिंटर से सभी कौशलों में विकसित किया है। उनके विद्यालय के छात्रों का चयन नवोदय एवं विद्या ज्ञान जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है।

शिक्षक राजू यादव ने जानकीकुण्डी के विद्याधाम उमावि से शिक्षा ग्रहण कर छात्र जीवन से ही प्रतिभाशाली रहे हैं। जिला स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षा सम्मान से पुरस्कार के लिए नामित हुए हैं। उन्हें एनसीईआरटी व एससीईआरटी एवं देश की अन्य श्रेष्ठ संस्थाओं से प्रशस्ति पत्र मिले हैं। वे सफलता का श्रेय सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती ऊषा जैन समेत बीएसए लवप्रकाश यादव व एबीएसए एनपी सिंह को दिया है। उनके चयन पर जिले के बुद्धजीवियों ने कहा कि सरकार ने पहली बार निष्पक्ष ढंग से मेधावी शिक्षक का चयन किया है।

# एसपी ने आरती उतार लीला का किया शुभारंभ

## महिला सुरक्षा पर दिया जोर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के ऐंचवारा गांव में धनुष यज्ञ लीला, लक्ष्मण-परशुराम संवाद मंचन के दूसरे दिन भव्य ढंग से राम बारात निकाली गई। धनुष यज्ञ लीला दौरान कलाकारों ने शानदार मंचन किया। लीला से भगवान राम चरित्र का बखान किया।

गुरुवार की रात धनुष यज्ञ लीला का एसपी वृंदा शुक्ला ने शुभारंभ कर भगवान राम, लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन में कलाकारों के अभिनय से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सामाजिक मयार्दाओं समेत किस तरह की भूमिका लोगों की होनी चाहिए। यह सब लीला मंचन में देखने को मिलता है। एसपी ने मातृ शक्ति को मां दुर्गा का अवतार बताया। नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुप देखने को मिलते है। मातृ शक्ति अब अपने ऊपर होने वाले जुल्म को सहन न करें, बल्कि पुलिस को बताये। महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। थानों में शिकायत का गंभीरता से निस्तारण होता है। सुनवाई न होने पर उन्हें बतायें। रामलीला कमेटी पदाधिकारियों ने उन्हें राम दरबार का चित्र भेटकर सम्मानित किया। धनुष यज्ञ लीला में अखिलेश कुमार ने रावण, वेद प्रकाश शुक्ला ने वाणासुर, संस्कार ने राम, अंशू ने लक्ष्मण, रविकांत ने परशुराम, भास्कर प्रसाद लेखपाल ने पेटूराजा, लक्ष्मणलाल कानूनगो ने लहटकिया, आदित्य कुमार ने जनक, बुद्धबिलाश ने सतानंद, गौरेन्द्र व सक्षम ने साधू व असाधू का मंचन किया। रावण-वाणासुर व लक्ष्मण-परशुराम संवाद रोचक रहा। लीला दौरान मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, रवि प्रकाश त्रिपाठी, बद्री विशाल त्रिपाठी, जगदीश गौतम, रामसागर चतुर्वेदी, तीरथ प्रसाद, भोला प्रसाद, पूर्व प्रधान त्रिवेणी प्रसाद, नंदकिशोर, गुलजारी गर्ग, रमाशंकर दुबे, श्रीनिवास शुक्ला, यमुना शुक्ला, गोविंद तिवारी, सुनील तिवारी, अनुसुइया तिवारी, वेदप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता टीएन शुक्ला ने किया। प्रधान सुनील शुक्ला ने कार्यक्रम व्यवस्था की।

# मिशन शक्ति-4-शक्ति दीदी ने विभिन्न विद्यालयों में साइबर अपराधों बाबत छात्राओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी अभियान मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी/मिशन शक्ति सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कर्वी कोतवाल की मौजूदगी में चित्रकूट इंटर कालेज समेत क्षेत्र के कालेजों में छात्राओं को जागरूक किया।

शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने राजकीय अनुभव इंटर कालेज सरधुवा, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, थानाध्यक्ष रैपुरा शैलैन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने कृषक इण्टर कालेज भौंरी, निरीक्षक अपराध थाना मऊ ने सुंदर सिंह पटेल इंटर कालेज लालतारोड मऊ, निरीक्षक अपराध थाना राजापुर प्रभुनाथ यादव ने गोस्वामी इंटर कालेज छीबो, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल ने शांति देवी इंटर कालेज पहाड़ी, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ नागेन्द्र कुमार नागर ने कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कस्बा बरगढ़ अन्य थानों की एंटीरोमियों टीमों ने विभिन्न विद्यालयों में साइबर जागरुकता कार्यक्रम किये। छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक कर बचाव के उपाय बताये।

इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया। सुरक्षा संबंधित सेवायें यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को बताया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। जहां महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनती हैं। समय से निस्तारण होता है। महिला सुरक्षा सम्बन्धी जारी हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पम्पलेट बांटे।

## पहलवानों के दांवपेंच देख लोग हुए दंग



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के अगरहुण्डा गांव में स्व श्री रामकल्याण सिंह की पुण्य स्मृति में प्रति वर्ष की भांति विशाल दंगल में पहलवानों ने दांवपेंच दिखाकर लोगों को दंग कर दिया।

शुक्रवार को अगरहुण्डा गांव में दंगल का आयोजन प्रधान अगरहुण्डा प्रदीप सिंह उर्फ गोपाल जी की अगुवाई में हुआ। दूरदराज से आए पहलवानों की रोमांचक कुश्ती हुई। कुश्ती का आनंद क्षेत्रवासी व ग्रामीणों ने लिया। पहलवानों के दांवपेंच देखकर लोग दंग रह गये। ऐसी-ऐसी कुश्तियां हुई कि लोग देखते रह गये।

दंगल में जिला पंचायत सदस्य/प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह, मंडल महामंत्री उमेश पांडे, रामफल महराज, ओम पयासी, मनोज सिंह समेत गांव के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## तीन के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी-आठ लीटर महुआ शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी व आठ लीटर महुआ शराब बरामद की।

शुक्रवार को सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही अमित सिंह व बब्बूराजा, महिला सिपाही रचना प्रजापति के साथ सुखलाल पुत्र मदधू निवासी बोधन डेरा मजरा चांदी के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा देवीदीन बुन्देला ने दीवान अरविन्द सोनी, सिपाही नरेश कुशवाहा, महिला सिपाही शिल्पी विद्रोही के साथ चुनकाई पुत्र भगौता निवासी दरसेंडा के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सरधुआ थाने के ही दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय ने महिला सिपाही श्यामलली के साथ संतोषिया पत्नी शिवऔतार निवासी नहरा को आठ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

## वांछित-वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को दबोचा है।

शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने दरोगा रामकृष्ण वर्मा के साथ पाक्सो एक्ट के वांछित सुखराज पुत्र बिजुलिया निषाद निवासी कनकोटा को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा देवीदीन बुन्देला ने दीवान अरविन्द सोनी के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी हरबंस सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी रैपुरवा को गिरफ्तार किया।

## लूट की घटना का 16 घंटे में खुलासा , लूटा पर्स, रुपये, मोटरबाइक, तमंचा-कारतूस समेत लुटेरे गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा कर दो लुटेरों को महिला से छीना पर्स व 12 सौ रुपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक एवं तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि बांदा जिले के फतेहगंज थाने के बजरंगपुर मजरा डढ़वा मानपुर के राम प्रकाश पुत्र रामभरोसा यादव ने भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि 18 अक्टूबर को वह रिश्तेदारी में शाहपुर से निमंत्रण कर पत्नी दीपा के साथ बदौसा से ऑटो में अपने घर जा रहा था। ऑटो के भवानीपुर मंदिर पहुंचने पर पीछे से बिना नंबर मोटरबाइक में तीन लड़कों ने पत्नी से पर्स छीनकर भाग गये। पत्नी ऑटो में किनारे बैठी थी। हाथ में पर्स लिये थी। पर्स में 28 सौ रुपये थे। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कन्हैयालाल पांडेय को सौंपी। 20 अक्टूबर को सवेरे आठ बजे मुखबिर से मिली सूचना पर दरोगा ने भरतकूप मंदिर के पास से धर्मेंद्र यादव पुत्र संतोष यादव निवासी बडारतीर सरैंया व दीपक आरख पुत्र कल्लू आरख निवासी पूनपरास थाना बबेरू जिला बांदा हालमुकाम अहिरनपुरवा गल्लामंडी कर्वी को घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक व लूटा पर्स तथा 12 सौ रुपए और धर्मेंद्र यादव के कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद किये। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा कन्हैयालाल पांडेय, दीवान राजवीर सिंह शामिल रहे।

## एनएच से अनुमति के बाद करायें सुन्दरीकरण: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत प्रस्ताव भेजने बाबत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मार्ग निर्माण एवं जल निकासी को नाला/नाली निर्माण, जल आपूर्ति, पथ प्रकाश व्यवस्था, पार्क एवं ओपन स्पेस के विकास, लाभार्थी परक सेवायें, कायाकल्प, सामुदायिक भवन, सुन्दरीकरण आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।

शुक्रवार को बैठक में जिलाधिकारी ने ईओ राजापुर को निर्देश दिये कि बाजपेई तिराहा का सुन्दरीकरण एनएच से अनुमति के बाद करायें। अवशेष बचे पैसे का स्कूल में टाइल्स लगवायें। मऊ ईओ से कहा कि जो स्कूल बाउंड्रीवाल की ऊंचाई को प्रस्ताव बनाये हैं, उसमें बाउंड्री पर कटीले तार लगवायें। अवशेष पैसे से स्कूल में टाइल्स लगवायें। नीति आयोग से जो कार्य होने हैं, उसमें स्कूलों के कायाकल्प पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने सभी ईओ को निर्देश दिये कि जल्द शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजें। बैठक में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एक्सईएन प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, ईओ कर्वी लालजी यादव, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बालकृष्ण गौतम आदि मौजूद रहे।

## लघु सिंचाई के अधिकारियों पर बोरिंग में धांधली का आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के प्रेमनारायण द्विवेदी पुत्र धर्मपाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मऊ तहसील में लघु सिंचाई विभाग ने बोर कराने में नियमों की बड़े पैमाने पर अनदेखी कर धांधली कर रहे हैं।

शुक्रवार को पीडित ग्रामीण ने बताया कि नियमों के तहत ट्रेजरी से शुल्क जमा कर नियमतः बोर को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। लेट-लतीफी के बाद लघु सिंचाई विभाग उनके खेत में बोर कर रहा था, जेई लघु सिंचाई ने कर्मचारियों को फोन कर बोरिंग रुकवा दी। उस समय 150 फिट बोर हो चुका था। पीडित प्रेमनारायण द्विवेदी ने विभाग पर बडे पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि लघु सिंचाई विभाग के मऊ तहसील में कराये बोरिंग कार्यों की धांधली की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही करें।

## अमानपुर में धूमधाम से मन रहा शारदीय नवरात्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शारदीय नवरात्र पर्व पर नौ दिन माता रानी के नौ रूपों की सेवा कर विधिपूर्वक पूजापाठ, भजन-अर्चना, आरती विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति संयोजिका श्रीमती संजुला पांडेय कर रही हैं।

शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति संयोजिका श्रीमती संजुला पांडेय के साथ श्रीमती शालू केसरवानी भजन सत्संग करती हैं। आसपास की बहनें, मातायें, भाई, बच्चे सभी सहयोग करते हैं। इनमें मनीष जायसवाल, मानसी, निहारिका, वैष्णवी, जितेंद्र सिंह, बिट्टू, वंदना, अंजू, अंजू, गीता, अभय, अतुल, लोकेंद्रनाथ पांडे, पंडित मोहित, भोला पांडे, भोलानाथ केशरवानी, शुभम, छोटू आदि सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। सुरेश, प्रकाशचंद केसरवानी यजमान के बतौर मौजूद रहते हैं।

दुर्गा अष्टमी को शस्त्र पूजा भी होती है। कन्या भोज का भव्य आयोजन होता है। शारदीय नवरात्र में धूमधाम से विकास नगर अमानपुर में पिछले तीन साल से मनाया जा रहा है।

## कर्वी पुलिस ने चोरी का किया खुलासा , चोरी के जेवर, नकदी, मोटरबाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक चोर के कब्जे से नकदी, सोने-चांदी के जेवर व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 12 अक्टूबर को गल्लामंडी शंकर बाजार के रामचरन निषाद पुत्र सियंबर निषाद ने कोतवाली कर्वी में लिखाई रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात चोर उसके घर से नकदी व सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर श्याम दरबार होटल के पास से विकाश केवट पुत्र विनोद निवासी धवारी गली नम्बर पांच सिटी सतना मप्र को चोरी के चार कंगन, दो ब्रेसलेट व 13500 रुपये नकद व घटना मे प्रयुक्त मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही पियूष शरण श्रीवास्तव व जयनारायण पटैरिया शामिल रहे।

## युवाओं को प्रेरणा देने को 29 को होगा पुरा छात्र सम्मेलन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने उन्हें पढ़ाई क्षेत्र में मुकाम तक पहुंचाने की प्रेरणा के उद्देश्य से पुरातन छात्रों का हर विद्यालय में सम्मेलन के निर्देश पर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में 29 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम पांच बजे तक पुरा छात्र सम्मेलन होगा।

शुक्रवार को सीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि विद्यालय से अध्ययन कर विभिन्न पदों पर आसीन तीन हजार छात्र-छात्राओं को पुरा छात्र सम्मेलन में भाग लेने को आमंत्रण भेजा है। अधिकांश पुरातन छात्र-छात्राओं ने सम्मेलन में भाग लेने की मंजूरी दी है। सहसंयोजक राजेश्वर प्रसाद नामदेव ने बताया कि पुरा छात्र सम्मेलन की तैयारी मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी के निर्देशन में हो रही हैं। सम्मेलन में पुरातन छात्र-छात्राओं को उचित मान-सम्मान आदि की व्यवस्था की जाएगी। सम्मेलन में पुराने छात्र-छात्रायें जो मुकाम हासिल कर चुके हैं, वह अपने अनुभव सम्मेलन में छात्राओं के बीच साझा करेंगे। मौजूदा पीढ़ी को आगे बढ़ने की राह मिलेगी। इसी उद्देश्य से पुरा छात्र सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने विद्यालय से अध्ययन के बाद विभिन्न पदों पर आसीन सभी पुरातन छात्र-छात्राओं से भारी तादाद में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## गाजा के अस्पताल के बाद अब चर्च पर हमला, कई लोगों की मौत

**गाजा:** हमास ने इस्राइल पर एक और आरोप लगा दिया है। उसने एक चर्च के परिसर में हमला करने का इस्राइल पर आरोप लगाया है। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय का कहना है कि गाजा पट्टी में एक चर्च में शरण लेने वाले कई लोग गुरुवार देर रात हुए इस हमले में मारे गए। मंत्रालय ने कहा कि ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के परिसर में हुए हमले में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। साथ ही कई घायल हुए हैं।



## भारत की सख्ती के बाद कनाडा का 74.6 मिलियन डॉलर का बड़ा प्लान होगा फेल

**पूर्वी चंपारण।** भारत में वीजा सर्विसेज की प्रोसेसिंग की अवधि को कम करने के लिए कनाडा द्वारा शुरू की गई महत्वकांक्षी योजानओं को बड़ा झटका लगा है। भारत द्वारा कनाडाई राजनयिकों को मिली छूट हटाने की चेतावनी दिए जाने के बाद कनाडा ने अपने देश के 41 राजनयिकों को वीरवार को नई दिल्ली में सेवा से हटा दिया। जिसके बाद अब भारत में कैनेडियन वीजा एप्लीकेशन प्रोसेसिंग के लिए और अधिक समय लगेगा।इससे पहले कनाडाई आव्रजन मंत्री सीन फ्रेजर ने नवंबर 2022 में घोषणा की थी कि कनाडा भारत में खास तौर पर चंडीगढ़ और दिल्ली में visa processing application में तेजी लाने की योजना 74.6 मिलियन डॉलर खर्च करेगा लेकिन हाल ही में भारत और कनाडा के रिश्तों में आए तनाव के बीच कनाडा को अपने डिप्लोमैट वापिस बुलाने पड़े उसके कारण यह प्लान ठंडे बस्ते में पड़ जाएगा और कनाडा जाने के इच्छुक भारतीयों को वीजा प्रोसेंसिंग के लिए अब और अधिक इतंजार करना पड़ेगा क्योंकि कनाडा के जो वीजा प्रोसेंसिंग सेंटर है बेंगलुरू, मुंबई और चंडीगढ़ में वहां पर इन-पर्सन सर्विस बंद हो जाएगी। जाहिर सी बात है अगर वीजा सर्विस बंद हो जाएंगी तो वहां पर वीजा एप्लीकेशन में देरी होगी क्योंकि यहां कनाडा की एंबेसी का स्टाफ पहले के मुताबिक काफी कम हो जाएगा।

बता दें कि कनाडा के भारत में 62 डिप्लोमैट्स चार सेंटरों में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और चंडीगढ़ में काम कर रहे थे वहीं भारत के केवल 21 डिप्लोमैट्स ओटावा के अलावा वेंकुवर और टोरंटो में काम करते है। गौरतलब है कि18 सितंबर को कनाडा की संसद में खड़े होकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि भारत में नामी घोषित खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत की खुफिया एजेंसियों का हाथ है जिसके बाद भारत ने इसे बेबुनियाद बताया था और तब से दोनों में देशों में तनाव जारी है।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों को जारी की एडवाइजरी, इन जगहों पर यात्रा करने से बचने की दी सलाह

**कैनबरा।** दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जारी तनाव के अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है। विदेश विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है, 'दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में बढ़ते तनाव और आतंकी हमलों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। बता दें कि दो हफ्ते पहले इजराइल पर हमास के आतंकियों ने हमला कर दिया। इस हमले में 20 से अधिक अमेरिकी नागरिकों की जान जा चुकी है। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने 'इजरायल और हिजबुल्लाह या अन्य सशस्त्र आतंकवादी गुटों के बीच रॉकेट, मिसाइल और तोपखाने के आदान-प्रदान से संबंधित अप्रत्याशित सुरक्षा स्थिति' के कारण लेबनान के लिए अपनी यात्रा सलाह को लेवल 4 'यात्रा न करें' तक बढ़ा दिया है। मंगलवार को जारी सलाह में, विभाग ने कहा कि वह बेरूत में दूतावास से परिवार के सदस्यों और कुछ गैर-आपातकालीन अमेरिकी सरकारी कर्मियों को 'अप्रत्याशित सुरक्षा स्थिति के कारण' स्वेच्छा से देश छोड़ने की अनुमति देगा। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि 'इजरायल और गाजा में हालिया हिंसा के मद्देनजर बड़े प्रदर्शन हुए हैं' जो 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह द्वारा यहूदी राष्ट्र पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू करने के बाद भड़के थे। 'अमेरिकी नागरिकों को प्रदर्शनों से बचना चाहिए और किसी बड़ी सभा या विरोध प्रदर्शन के आसपास होने पर सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि इनमें से कुछ हिंसक हो गए हैं।



# गाजा पर रातभर गरजीं मिसाइलें, आतंकी संगठन के 100 ठिकाने नष्ट

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के इस महीने की सात तारीख को किए गए भीषण आक्रमण के बाद गाजा पट्टी में घमासान मचा हुआ है। इजराइली सुरक्षा बलों ने गुरुवार सारी रात हमास के ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। हमास के 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाकर उसके हथियारबंद आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। इस बीच हमास के हमले में मारे गए आठ थाई नागरिकों के शव बैंकॉक पहुंच गए हैं। इस युद्ध में हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह के बाद अब यमन का हूथी भी कूद गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि सेना ने रातभर हमास और हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। इस हमले में लेबनान में मौजूद हिजबुल्लाह का एक आतंकवादी मारा गया। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने गाजा में पूरी रात 100 से अधिक हमास के ठिकानों पर हमला किया। हमले में बड़ी संख्या में हमास के आतंकवादी मारे गए। उधर, गाजा पर मचे घमासान के बीच इराक में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर दो नए ड्रोन हमले किए जाने का दावा किया गया । एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल में हमास हमले में मारे गए आठ थाई नागरिकों के शव बैंकॉक पहुंच गए हैं। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में यमन में ईरान समर्थित हूथी भी सक्रिय हो गया है। हूथी ने इजराइल को निशाना बनाते हुए कुछ मिसाइलें दागीं, जिन्हें अमेरिका ने गुरुवार को लाल सागर में निष्क्रिय कर दिया।



पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बताया कि जमीन पर हमला करने वाली तीन क्रूज मिसाइलों और कई ड्रोनों को एक विध्वंसक के जरिये रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन के आदेश पर अमेरिकी सैन्य जहाज यूएसएस कार्नी लाल सागर में गश्त कर रहा है। यह जहाज गाजा पट्टी में इजराइल और हमास आतंकवादी समूह के बीच युद्ध की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हमास ने इजराइल पर नया गंभीर आरोप लगाया है। हमास ने कहा है कि इजराइल ने गुरुवार देर रात गाजा में ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च परिसर में हमला किया। इस हमले में चर्च में शरण लेने वाले कई लोग मारे गए।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने सिंगापुर के उद्योग मंत्री से की मुलाकात, सहयोग के नए क्षेत्रों पर की चर्चा



**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात की। इस दौरान दीर्घकालिक प्रभाव वाले द्विपक्षीय सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की गई। जयशंकर दक्षिण पूर्व एशिया के दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचे हैं। जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की जाएगी और साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने के प्रयास किए जाएंगे। जयशंकर ने लिखा कि शुक्रवार सुबह व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मिलकर अच्छा लगा। हमने दीर्घकालिक प्रभाव वाले सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) में इन विचारों को आगे बढ़ाने को उत्सुक हैं।

## नवाज शरीफ की घरवापसी पर विमान से बरसाए जाएंगे फूल

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ( पीएमएल-एन) प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के कल वतन वापसी पर अभूतपूर्व स्वागत की तैयारी की गई है। पार्टी ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाने के लिए दो विमान किराये पर लिए हैं। कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। 73 वर्षीय नवाज के अगले वर्ष जनवरी में होने वाले आम चुनाव में पीएमएल-एन का नेतृत्व करने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

नवाज चार साल तक स्वनिर्वसन में ब्रिटेन में रहे हैं। वह जेद्दा से दुबई पहुंच चुके हैं। नवाज शनिवार को एक चार्टर विमान से पाकिस्तान लौटेंगे। नवाज की घरवापसी की खुशी में गुरुवार को एक गीत की लॉन्चिंग उनके भाई और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे उनके बड़े भाई का ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए तैयार रहें। नवाज देश को प्रगति की राह पर ले जाएंगे। स्वागत समारोह की मुख्य आयोजक मरियम नवाज शरीफ ने कठिन समय में अपने पिता के साथ खड़े रहने के लिए अपने चाचा शहबाज की प्रशंसा की।



पार्टी नेता अताउल्लाह तरार के अनुसार नवाज इस्लामाबाद पहुंचेंगे और वहां से लाहौर के लिए रवाना होंगे। लाहौर में नवाज मीनार-ए-पाकिस्तान मैदान पर रैली को संबोधित करेंगे। लाहौर में साढ़े तीन घंटे (दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:30 बजे के बीच) के लिए गुलाब की पंखुड़ियां बरसाने के लिए दो छोटे विमानों की सेवाएं ली गई हैं।

## बाइडन ने राष्ट्र के नाम संबोधन में यूक्रेन और इजराइल को समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धिता दोहराई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास और रूस को लोकतंत्र का दुश्मन बताया। ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम टेलीविजन संबोधन में उन्होंने कहा कि हमास और रूस दोनों लोकतंत्र को नष्ट करने पर तुले हैं। बाइडन ने यूक्रेन और इजराइल को अमेरिका के हितों के लिए महत्वपूर्ण बताया और दोनों देशों को सहायता देने पर बात की। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

बाइडन ने कहा कि हमास और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मगर दोनों की मंशा एक है। दोनों अपने पड़ोसी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। बाइडन ने कहा कि अमेरिका महान राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है।अमेरिका हमास जैसे आतंकवादियों और



पुतिन जैसे तानाशाहों को जीतने नहीं दे सकता।

बाइडन ने कहा उनके लिए बंधक बनाए गए अमेरिकियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने फिलिस्तीन प्राधिकरण के राष्ट्रपति अब्बास से भी बात की और दोहराया कि अमेरिका फिलिस्तीनी लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए प्रतिबद्ध है। बाइडन ने इजराइल और यूक्रेन के संदर्भ में ईरान की भूमिका की आलोचना की।

# ईरान समर्थित समूह ने सीरिया में अमेरिकी सैन्य स्थलों पर किए आत्मघाती ड्रोन हमले

इजराइल-हमास जंग में इजराइल को समर्थन करना अमेरिका को भारी पड़ सकता है। कई मुस्लिम देश अमेरिका की खिलाफत पर उतर आए हैं और ईरान उनमें प्रमुख देश है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान समर्थित समूह ने सीरिया में अमेरिकी सैन्य स्थलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। कताइब हिजबुल्लाह ने हाल ही में सीरिया में अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों की श्रृंखला में आत्मघाती ड्रोनों के जरिए इराक-जॉर्डन सीमा के पास अल-तनफ में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाया। इसके अलावा 2 फज्र रॉकेटों ने डेर अल-ज़ोर में कोनोको तेल क्षेत्र के पास एक अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला किया।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इराक में अमेरिकी सैन्य बलों को बुधवार को दो अलग-अलग ड्रोन हमलों में निशाना बनाया गया, जिनमें से एक में



कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आईं, हालांकि अमेरिकी सेना सशस्त्र ड्रोन को रोकने में कामयाब रही। नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स से बात करने वाले अधिकारी ने यह नहीं बताया कि अल-असद एयर बेस और अल-हरीर एयर बेस पर हमलों का संदेह किस पर था।

लेकिन इज़राइल-हमास युद्ध के दौरान क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण वाशिंगटन ईरान समर्थित समूहों की गतिविधि के लिए सतर्क है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि बुधवार तड़के हुए पहले हमले में दो एकतरफा ड्रोन शामिल थे, जिन्होंने अल-असद अड्डे को निशाना बनाया। ड्रोनों में से एक को रोक लिया गया था लेकिन फिर भी वह विस्फोट करने में कामयाब रहा, जिससे मामूली चोटें आई और कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों में से एक ने कहा कि कुछ अमेरिकी सैनिकों को संभावित दर्दनाक मस्तिष्क की चोट के लिए मूल्यांकन किया जा रहा था।

इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने ईरान अस्पताल हमले के बाद बुधवार को कहा कि गाजा और फिलिस्तीन में इजरायल युद्ध अपराध कर रहा है, जिसका इस्लामी दुनिया द्वारा बदला लिया जाएगा। फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए राजधानी तेहरान में हजारों लोगों के सामने रईसी ने कहा, 'अस्पताल पर हमले के साथ इजरायल का अंत शुरू हो गया। फिलिस्तीनियों का एक-एक कतरा खून इजरायल को उसकी बर्बादी के करीब ले जाएगा।'

## इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अपने साथी से अगल हुई, 10 साल पुराना रिश्ता टूटा

**इटली।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी अपने पत्रकार साथी एंड्रिया जियाम्ब्रुनो से अलग हो गई हैं। मेलोनी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि एंड्रिया गिआम्ब्रूनो के साथ मेरा रिश्ता यहीं खत्म हो गया। हम लगभग 10 साल तक साथ रहे। 46 साल की इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ समय से हमारे रास्ते अलग हो गए हैं। ऐसे में अब इसे स्वीकार करने का और मुझे मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज यानी हमारी बेटी जिनेवरा देने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं।





**महिलाओं पर टिप्पणी कर विवादों में आ गए थे जियाम्ब्रुनो**

एक टेलीविजन चैनल पर एक जानेमाने कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले जियाम्ब्रुनो अगस्त में उस समय आलोचनाओं से घिर गए थे, जब उन्होंने अपने शो में सुझाव दिया था कि महिलाएं बहुत अधिक शराब न पीकर दुष्कर्म से बच सकती हैं। इस पर मेलोनी ने कहा था कि उन्हें उनके पार्टनर की टिप्पणियों के आधार पर आंका नहीं जाना चाहिए और भविष्य में वह उनके व्यवहार के बारे में सवालों का जवाब नहीं देंगी।

**मेलोनी ने किया भावुक पोस्ट-** इस बीच अपने साथी के साथ अलगाव के बारे में एक्स पर अपने बयान में इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा कि हम जो थे, मैं उसकी रक्षा करूंगी। मैं अपनी दोस्ती की रक्षा करूंगी और मैं हर कीमत पर हमारी सात वर्षीय बच्ची की रक्षा करूंगी, जो अपनी मां और पिता से प्यार करती है। मुझे अपनी मां से प्यार जताने का मौका नहीं मिला, पर अपनी बेटी के मामले में मैं सौभाग्यशाली हूं। मेरे पास इस बारे में कहने के लिए और कुछ नहीं है।

**दोनों के बारे में जानिए**

1977 में रोम में जन्मी मेलोनी 15 साल की थीं, जब वह इटालियन सोशल मूवमेंट (एमएसआई) की युवा शाखा में शामिल हुईं थीं।

उनकी मुलाकात जियाम्ब्रुनो से 2015 में तब हुई, जब वह एक टीवी शो के लिए एक लेखक के रूप में काम कर रहे थे। इस शो में मेलोनी ने हिस्सा लिया था। जियाम्ब्रुनो का जन्म 1981 में मिलान में हुआ था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत से राजनयिकों की वापसी के बीच कनाडा ने नागरिकों के लिए जारी की नई 'सलाह'; इस मामले में किया सतर्क

**ओटावा।** कनाडा ने भारत जाने वाले अपने नागरिकों के लिए नई यात्रा सलाह (ट्रैवल एडवाइजरी) जारी की है। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि भारत में कनाडा के नागरिकों को डराया-धमकाया जा सकता है और उनका शोषण किया जा सकता है। बता दें कि कनाडा की यह नई ट्रैवल एडवाइजरी, कनाडा द्वारा भारत से अपने 41 राजनयिकों को वापस बुलाने के फैसले के बाद सामने आई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि बंगलुरू, चंडीगढ़ और मुंबई में कनाडा के कॉन्सुलेट जनरल में फिलहाल कामकाज निलंबित कर दिया गया है। ऐसे में नागरिकों को राजनयिक मदद के लिए नई दिल्ली स्थित हाई कमीशन ऑफ कनाडा से संपर्क करना होगा।

**कनाडा ने नागरिकों के लिए जारी की नई 'सलाह'**

कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली की प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद शुक्रवार को कनाडा की सरकार ने सेफ्टी एंड सिक्योरिटी सेक्शन में भारत जाने वाले अपने



नागरिकों के लिए नई सलाह जारी की है। इन एडवाइजरी में बताया गया है कि भारत के मीडिया और सोशल मीडिया में कनाडा के प्रति नकारात्मक भावनाएं हैं और वहां कनाडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। इनमें कनाडा विरोधी प्रदर्शन भी हो सकते हैं। ऐसे में कनाडा के नागरिकों को शोषण का सामना करना पड़ सकता है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि 'दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अजनबियों से ज्यादा बात ना करें और उनके साथ अपनी निजी जानकारी साझा ना करें। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें और सार्वजनिक परिवहन से भी जानें से बचें। जब भी बाहर जाएं तो अपने दोस्त या परिजनों को अपनी यात्रा योजना के बारे में बताकर जाएं।' बता दें कि बीते जून में कनाडा के सरे में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा की सरकार ने इसका आरोप भारत पर लगाया था। हालांकि भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया था। 'भारतीय अधिकारियों को आरोपों के बारे में बता दिया गया था' कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने कहा कि पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत सरकार पर आरोप लगाने से पहले हमारी सरकार ने भारत सरकार के अधिकारियों से कई बार बातचीत की थी। इन बातचीत में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर मिली जानकारी और आरोपों के बारे में भी बात की गई थी। जॉली ने 41 कनाडाई राजनयिकों की इम्युनिटी हटाने के फैसले को भी अभूतपूर्व बताया।

**कनाडा ने वापस बुलाए राजनयिक**

कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने एलान किया कि नई दिल्ली के अल्टीमेटम के बाद कनाडा के राजनयिक स्वदेश लौट रहे हैं। बता दें कि भारत ने कनाडा को अल्टीमेटम दिया था कि वह भारत में मौजूद अपने राजनयिकों की संख्या को कम करे और अगर शुक्रवार तक ऐसा नहीं किया गया तो कनाडा के राजनयिकों को दी जा रही कूटनीतिक सुरक्षा को छीन लिया जाएगा। भारत के अल्टीमेटम के बाद अब कनाडा ने अपने कई राजनयिकों को वापस बुला लिया है।

निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के रिश्तों में तल्खी आ गई है। भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए अस्थायी तौर पर वीजा सेवाएं निलंबित कर दी हैं। वहीं कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

## गोदरेज लॉक्स ने पेश किया माई होम सेफ्टी कोशिएंट

**जयपुर।** गोदरेज लॉक्स अपने वार्षिक अभियान ह्हर घर सुरक्षितह्ळ के अंग के रूप में 15 नवम्बर को होम सेफ्टी डे के रूप में मनाती रही है। अपने सातवें साल के जश्न से पहले ब्रांड ने पहली बार माई होम सेफ्टी कोशिएंट का अनावरण किया। गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हैड श्याम मोटवानी ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान अपराध की दर में बढोतरी होने के मद्देनजर घरेलू सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जरूरी बन जाता है। हर घर सुरक्षित के तहत अपनी वार्षिक पहल के अंग के रूप में गोदरेज लॉक्स ने पिछले साल लिव सेफ, लिव फ्री प्रोग्राम की घोषणा की थी, जिसमें 52 सप्ताह के दौरान, देश भर के 52 शहरों में मुफ्त घरेलू सुरक्षा आकलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह पहल 17 हजार 500 से अधिक घरों तक पहुंच बनाने में कामयाब रही। इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर ब्रांड ने 2023 में घरेलू सुरक्षा के मामले में उपभोक्ताओं के व्यवहार और आशंकाओं को गहराई से समझने की योजना बनाई और इसलिए यह सर्वेक्षण शुरू किया गया।